19 page 1_01.qxd 10/18/2023 9:40 PM Page 1

पांचवां नवरात्रा स्कंदमाता की पूजा आज

दैनिक

भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

गोपाल कांड़ा की मुश्किले बढ़ी... p6

■ वर्ष:1 ■ अंक: 40 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ गुरुवार ■ 19 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

न्यूज डायरी

राज्य के स्कूलों में 21 अक्टूबर को रहेगी छुट्टी

चंडीगढ़। शनिवार यानि 21 अक्टूबर को हरियाणा के स्कूलों में छुट्टी रहेगी। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से इसको लेकर 17 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी आदेश के अनुसार 21 और 22 अक्टूबर को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा ग्रुप-डी के पदों की भर्ती के लिए सीईटी परीक्षा का आयोजन किया गया है। आयोग की ओर से सूबे के 17 जिलों में इस परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद, कैथल, हिसार, भिवानी, फतेहाबाद, सिरसा, पलवल, महेंद्रगढ़, और रेवाड़ी जिले शामिल हैं।

आजम खां, बेटे अबदुल्ला और पत्नी को 7 साल की सजा सुनाई

रामपुर। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आजम खां, अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीन फात्मा को सात साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट के आदेश पर तीनों को सीधे जेल भेजा जाएगा।

इससे पहले, बुधवार को ही कोर्ट ने मामले में तीनों को दोषी करार दिया था। सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां के दो जन्म प्रमाणपत्र मामले में दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया।

मोदी ने गाजा के अस्पताल पर हमले को बताया दुखद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजा के अल अहली अस्पताल पर हुए हमले पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि गाजा के अल अहली अस्पताल में लोगों के मारे जाने पर उन्हें गहरा सदमा लगा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना है हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करते हैं। मोदी ने लिखा है कि इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष में भारी संख्या में आम लोगों की मौत चिंता का विषय है। इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

मंत्रियों की कमेटी कर रही मंथन

पांच नए जिले बनेंगे!

एक नवंबर को हरियाणा दिवस पर इन जिलों की घोषणा होने की संभावना

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार एक नवंबर को प्रदेश में कुछ नए जिलों की घोषणा कर सकती है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में एक दिसंबर 2016 को चरखी दादरी को राज्य के 22वें जिले के रूप में अधिसूचित किया था। फिलहाल प्रदेश में हांसी और डबवाली दो जिले पुलिस जिलों के रूप में अधिसूचित हैं। प्रदेश सरकार हांसी व डबवाली के साथ-साथ असंध, गोहाना और मानेसर को भी नये जिलों के रूप में अधिसूचित कर सकती है। माना जा रहा है कि यह घोषणा हरियाणा दिवस पर एक नवंबर को भी हो सकती है। मुख्यमंत्री ने चाहा तो भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर करनाल में होने वाली रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भी इन जिलों के गठन की घोषणा की जा सकती है।

गोहाना, हांसी, असंध, डबवाली और मानेसर का जिला बनना संभव

क्या बन रही हैं संभावनाएं

धनखड़ के नेतृत्व वाली कमेटी की सिफारिश पर अंबाला कैंट, बाढड़ा, बड़खल, नारनौंद, बादली, उचाना, घरौंडा, पुन्हाना और रादौर को उपमंडल बनाया गया था। इसके अलावा 10 नई तहसीलें और तीन नई उप-तहसीलें भी बनाई गईं। इसी तरह वर्ष 2017 में तावडू और 2018 में लाडवा को उपमंडल का दर्जा दिया गया। मानेसर चूंकि काफी हद तक गुरुग्राम का ही हिस्सा है, लेकिन सरकार ने वहां नगर निगम बनाने के साथ ही विकास प्राधिकरण का भी गठन कर दिया है। ऐसे में मानेसर को जिला बनाने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। करनाल जिले के हिस्से असंध को स्वतंत्र जिला बनाने की मांग लंबे समय से चल रही है, जबकि हांसी व डबवाली पुलिस जिले पहले से हैं। गोहाना को जिला बनाने के हक में अधिकतर राजनीतिक दल हैं। इसलिए इनकी घोषणा किसी भी समय संभव है। मनोहर सरकार के पिछले कार्यकाल में तत्कालीन कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ की अध्यक्षता में भी उच्च स्तरीय कमेटी बनी थी, जिसकी सिफारिश पर चरखी दादरी को राज्य का 22वां जिला बनाया गया था।

राज्य स्तरीय उच्च कमेटी का गठन

हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की अध्यक्षता में राज्य सरकार ने नये जिले, नये उपमंडल और नई तहसीलों व उप तहसीलों के गठन के लिए राज्य स्तरीय उच्च कमेटी का गठन कर रखा है। संसदीय कार्य एवं स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर तथा सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल इस कमेटी के सदस्य हैं। कोरोना से पहले कमेटी का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ाया गया था, लेकिन दो साल तक कोरोना की अवधि के दौरान कमेटी नये जिलों के गठन को लेकर अपेक्षित काम नहीं कर पाई। अब कमेटी ने दस्तावेज पलटने आरंभ किए हैं। विधानसभा में भी कई विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों की मांग को उठाते हुए नये जिलों के गठन की सिफारिश राज्य सरकार के समक्ष कर चुके हैं।

हरियाणा के गठन के बाद 17 नये जिले बन चुके हैं

एक नवंबर 1966 को जब तत्कालीन पूर्वी पंजाब के विभाजन द्वारा हरियाणा राज्य की स्थापना हुई थी, तब राज्य में सात जिले थे, रोहतक, जींद, हिसार, महेंद्रगढ़, गुरुग्राम, करनाल तथा अंबाला। 2017 तक इन जिलों का पुनर्गठन करते हुए 15 नए जिले जोड़े जा चुके हैं। हरियाणा सरकार ने एक दिसंबर 2016 को चरखी दादरी को 22वें जिले के रूप में अधिसूचित किया था। क्षेत्रफल की दृष्टि से सिरसा हरियाणा का सबसे बड़ा जिला है, जबकि फरीदाबाद सबसे छोटा जिला है। धन वैभव की बहुलता के कारण सिरसा जिला बाहरी आक्रमणकारियों व राजाओं के लिए आकर्षण का केंद्र भी रहा है। जींद हरियाणा के सबसे पुराने जिलों में से एक है।

राजपूत समाज ने किया बड़ा ऐलान

लोकसभा चुनाव में भाजपा नेताओं को गांव में नहीं घुसने देंगे

भाजपा पर लगाया इतिहास छीनने का आरोप

वक्ताओं ने कहा कि सरकार बना सकते हैं तो हटा भी देंगे

रोसा मित्र ब्यूरो

कैथल। हरियाणा के कैथल में सम्राट मिहिर भोज प्रतिमा के अनावरण विवाद को लेकर राजपूत समाज में घोषणा की गई कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को गांवों में घंसने नहीं दिया जाएगा। यहां आयोजित सम्मेलन में अन्य जगहों से भी समाज के लोग पहुंचे। इनमें मुख्य नेता पूर्ण सिंह राणा, किसान नेता राज सिंह शेखावत, राष्ट्रीय अध्यक्ष क्षत्रिय सेना गुजरात संगीता सिंह, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष क्षत्रिय करणी सेना राणा परीक्षित सोलंकी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कर्नल देवेंद्र राणा ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर राजपूत समाज का इतिहास छीनने का आरोप लगाया। कहा कि यदि समाज भाजपा सरकार बना सकता है, तो इसे हटा भी सकता है। केवल एक उंगली से बटन दबाने से सरकार को चलता करना होगा। शेर सिंह राणा ने कहा कि कैथल में कोई पहला या आखिरी प्रकरण नहीं हुआ। ऐसा प्रकरण आगे भी हो सकता है। ऐसे में इस समस्या का हल होना जरूरी है। इसका हल करना ही होगा। गुरदीप राणा ने कहा कि हनुमान जी के आशीर्वाद से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। राजपूत समाज के लोग अपनी शक्ति भूल गए थे। इस कार्यक्रम से शक्ति याद आएगी। समाज के लोग अनुशासन में चलते हैं।

इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक समिति के सदस्य शलिन्दर राणा ने कहा कि हरियाणा में 12 प्रतिशत राजपूत समाज के लोग हैं, लेकिन दूसरा समाज केवल 2 प्रतिशत है। कैथल में समाज को बेइज्जत किया। फिर समाज के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी से इस्तीफा दिया। शलिंद्र राणा ने कहा कि कार्यक्रम में क्षत्रिय स्वाभिमान यात्रा भी निकाली जाएगी। राजपूत समाज के कार्यक्रम को लेकर जिला पुलिस प्रशासन ने भी तैयारियां की हैं। इसके तहत कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को कुरुक्षेत्र रोड से एंट्री नहीं दी जाएगी।

प्रतिमा को लेकर क्या है विवाद

कैथल में कुरुक्षेत्र बाइपास पर गत 20 जुलाई को सम्राट मिहिर भोज प्रतिमा का अनावरण किया गया था। इस प्रतिमा के आगे गुर्जर शब्द लिखा गया था। इसके बाद से राजपूत समाज के लोगों में रोष है। हालांकि अब इस शब्द को टेप लगाकर हटा तो दिया, लेकिन समाज के लोग अभी भी इसका विरोध कर रहे हैं।

केंद्रीय कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

अब नवंबर महीने से बढ़ी हुई सैलरी मिलेगी, इसमें जुलाई और अक्टूबर के बीच की अवधि का एरियर भी शामिल होगा

महंगाई भत्ता बढ़कर 46 प्रतिशत हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी।

सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ाकर 46 फीसदी कर दिया है। इसका सीधा फायदा करीब 52 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 60 लाख पेंशनर्स को होगा। केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अब नवंबर महीने से बढ़ी हुई सैलरी मिलेगी। इसमें जुलाई और अक्टूबर के बीच की अवधि का एरियर भी शामिल होगा। केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली जुलाई से देय महंगाई भत्ते में वृद्धि की सौगात मिल गई है।

महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में डीए-डीआर की दरों में बढ़ोतरी पर मुहर लग गई है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने डीए की बढ़ी हुई दरों की घोषणा की है। अब इस वृद्धि के साथ ही डीए की मौजूदा दर 42 से 46 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसके बाद जनवरी 2024 में भी अगर महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई तो वह दर 50 प्रतिशत हो जाएगी।

कैबिनेट ने पिछले साल की थी घोषणा

केंद्रीय कैबिनेट ने पिछले साल 28 सितंबर को डीए की दरों में चार फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा की थी। केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों को दीवाली से पहले महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का तोहफा मिल गया था। वह भत्ता पहली जुलाई 2023 से जारी हुआ था। उस वक्त 34 प्रतिशत की दर से मिल रहा महंगाई भत्ता 38 प्रतिशत हो गया था। उसके बाद जनवरी 2023 से उक्त भत्ते में दोबारा से चार फीसदी की वृद्धि हो गई। मौजूदा समय में महंगाई भत्ता, 42 प्रतिशत की दर से मिल रहा है। अगर जुलाई 2023 से बढ़ने वाले भत्ते में भी चार प्रतिशत की वृद्धि होती है और जनवरी 2024 में भी इसमें चार फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज होती है तो उस वक्त डीए वृद्धि का ग्राफ पचास फीसदी हो जाएगा। सातवें वित आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ऐसा होता है तो बाकी के भत्ते भी स्वत- ही 25 प्रतिशत बढ़ जाएंगे।

उपचुनावों के दृष्टिगत 3 जिलों में ट्रांसफर व पोस्टिंग पर रहेगी रोक

चंडीगढ़। राज्य के 3 जिले गुरुग्राम, रेवाड़ी और कैथल में नगर निगम वार्डों के उपचुनाव के मद्देनजर ट्रांसफर-पोस्टिंग पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी कर राज्य के 5 नगर निगम वार्डों के उपचुनावों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों का ट्रांसफर नहीं करने के निर्देश दिए हैं। इन वार्डों में जिला गुरुग्राम की नगर परिषद सोहना का वार्ड नंबर 15, नगर परिषद कैथल का वार्ड नंबर 01, नगर परिषद नारनौल का वार्ड नंबर 16, नगरपालिका राजौंद का वार्ड नंबर 5, जिला कैथल और जिला रेवाड़ी की नगर पालिका बावल के वार्ड नंबर 11 में 5 नवंबर को उपचुनाव होने है। इन चुनावों के नतीजे घोषित होने तक तबादलों पर यह रोक लागू रहेगी।

आईएसआईएस से भी बदतर है हमास : बाइडन

तेल अवीव, एजेंसी ।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने आतंकवादी संगठन हमास को आईएसआईएस से भी बदतर बताया है। उन्होंने इजराइल-हमास के बीच युद्ध के 12वें दिन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात के दौरान कहा कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का पूरा हक है। अमेरिका हर तरह से उनका साथ देगा। और हम अपना वादा निभा रहे हैं।

बाइडेन ने कहा कि हमास ने बेरहमी से इजराइल के लोगों का कत्ल किया है। हमास ने एक दिन में 1400 से ज्यादा इजराइलियों की हत्या की है। अभी इजराइल के लिए यही अच्छी बात है कि उनका सबसे सच्चा दोस्त अमेरिका उनके साथ खड़ा है। इससे पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव के बेनगुरिअन एयरपोर्ट पर बाइडेन का स्वागत किया। इस दौरान इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग भी वहां मौजूद रहे। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक प्रेस ने बाइडेन से अस्पताल पर हमले के बारे में भी सवाल किए। गाजा अस्पताल पर हमले के बाद अमेरिका की सिक्योरिटी सर्विस ने कहा था कि वो इसकी जांच करेगी। हालांकि, बाइडेन ने इस मामले को लेकर इजराइल के इसमें लिप्त होने से इंकार कर दिया।

अलजजीरा के अनुसार इजराइली फौज हमास के खिलाफ जमीनी कार्रवाई की तैयारी पूरी कर चुकी है। वह सरकार से हरी झंडी का इंतजार कर रही है।

कांग्रेस एमएलए मामन खान को मिली रेगुलर जमानत

आस महोम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। नूंह हिंसा मामले में अंतरिम जमानत पर बाहर आए कांग्रेस विधायक मामन खान को आज कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है। कांग्रेस विधायक की आज नूंह कोर्ट में 11 बजे पेशी हुई। मामले में एसआईटी विधायक के मोबाइल और लैपटॉप से सबूत जुटाकर कोर्ट में पेश नहीं कर पाई। इससे कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद शाम को विधायक को नियमित जमानत दे दी। बता दें कि नूंह हिंसा मामले में फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान के खिलाफ 4 एफआईआर नंबर 137, 148, 149 और 150 दर्ज की गई हैं। ये चारों मुकदमे 1 अगस्त को नगीना थाने में दर्ज हुए।

सभी मामलों में विधायक के नूंह हिंसा में शामिल आरोपियों के संपर्क में रहने या हिंसा की जगह पर लोकेशन मिलने के आरोप हैं। गौरतलब है कि विधायक मामन खान को नूंह पुलिस की एसआईटी ने 14 सितंबर की रात राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया था। इसके बाद नगीना थाने में दर्ज 149 एफआईआर में उन्हें 15 सितंबर को नूंह कोर्ट में पेश किया। विधायक मामन खान को पुलिस रिमांड पूरा होने पर 19 सितंबर को नूंह कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें 14 दिन के लिए जेल भेज दिया। इस दौरान वह नूंह जेल में रहे। हालांकि इसके बाद 3 अक्टूबर को कोर्ट ने मामन खान को अंतरिम जमानत दे दी। अब उन्हें नियमित जमानत मिल गई है।

राहत भरी खबर

मनोहर सरकार ने लोगों को दी विशेष सुविधा

पांच लाख तक मुफ्त के इलाज का बढ़ाया दायरा

इस पैनल में 408 सरकारी अस्पताल जोड़े गए

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा में सरकार ने 5 लाख तक मुफ्त इलाज वाली आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ा दिया है। सरकार की ओर से 408 और सरकारी अस्पतालों को इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया है। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ डिलीवरी हट्स को भी शामिल किया गया है।

बता दें कि इससे पहले की व्यवस्था के अनुसार योजना में केवल सब डिवीज़नल हॉस्पिटल और सिविल हॉस्पिटल की पैनल में शामिल किए गए थे। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग 3 और 15 दिनों के अस्पताल में भर्ती होने से पहले और बाद के खर्चों के साथ हेल्थ केयर ट्रीटमेंट का लाभ उठा सकते हैं। बता दें कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 729 अस्पताल सूचीबद्ध हैं। इन अस्पतालों में योजना के लाभार्थियों को कैशलेस और पेपरलेस इलाज दिया जा रहा है। 408 सरकारी अस्पताल और सूचीबद्ध होने के बाद अब शहरों के अलावा गांव में भी लोगों को इस योजना का लाभ मिल सकेगा। अब सरकारी और गैर सरकारी सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या अब 1 हजार से अधिक हो गई है।

हरियाणा बना देश का पहला राज्य

हरियाणा में अब 1.80 लाख से 3 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जा रहा है। 15 अगस्त से इस योजना के तहत कार्ड बनवाने के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। प्रदेश के 30 लाख परिवार पहले से योजना का लाभ ले रहे हैं, अब 8 लाख और परिवार इस योजना से जुड़ जाएंगे। सीएम खट्टर की घोषणा के बाद हरियाणा ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

खबर फटाफट

पांच राज्यों में कांग्रेस बनाएगी स्पष्ट बहुमत से सरकार : घोडारोप

सोहना : सोहना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पीसीसी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने दावा किया है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी स्पष्ट बहुमत हासिल कर सरकार बनाएग। उन्होंने कहा कि आज देश व विभिन्न प्रदेशों की जनता भाजपा की लूट व झूठ भरी नीतियों से तंग आ गई है। अब देश वह कांग्रेस पार्टी की तरफ निहार रही है। घोडारोप ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों से आह्वान किया कि वह पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें और प्रदेश में मौजूदा भाजपा-जजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जनमानस को विस्तार से अवगत कराए।

कुत्तों व बंदरों के डर से लोगों ने सैर करना छोड़ाः खटाना

सोहना : नगरपरिषद के तहत लगने वाले गांव बेरका में रहने वाले युवा समाजसेवी व कांग्रेस नेता नौरंग खटाना बेरका का कहना है कि शहर में रहने वाले लोग दिन में बंदर और रात में कुत्तों के डर से परेशान हैं। छतों व पार्कों में बंदर उत्पात मचा रहे है तो गली-मोहल्लों में कुत्तों का खौफ लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। जिस वजह से महिलाओं व लोगों ने पार्कों में सैर करना कम कर दिया है। नगरपरिषद की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। नगरपरिषद ना तो बंदरों को पकड़वा रही है और ना ही आवारा कुत्तों को पकडऩे के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में आवारा कुत्ते व बंदर लोगों विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है। आए दिन बच्चों व लोगों को काटकर घायल कर रहे है लेकिन कोई देखने-सुनने वाला नही है। ऐसे हालातों में बच्चे व महिलाएं घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे है। रात के वक्त तो गली-मोहल्लों में कुत्तों का झुंड का झुंड नजर आता है तो सुबह उठते ही छतों व पार्कों में बंदरों की टोलियां अपना डेरा जमा लेती है। जिससे सभी परेशान है।

आयुष्मान योजना कार्ड बनवाकर लाभान्वित हों गरीब परिवार : प्रवर चिकित्सा अधिकारी

सोहना : यहां पर उपमंडलस्तरीय सरकारी अस्पताल में प्रवर चिकित्सा अधिकारी पद पर कार्यरत डाक्टर इंद्रजीत सिंह का कहना है कि सरकार की महत्वकांक्षी आयुष्मान भारत योजना का अंत्योदय परिवारों तक विस्तार करने की सरकार की शुरू की गई चिर आयु योजना स्वास्थ्य सेवा के रूप में अंत्योदय परिवारों के स्वास्थ्य लाभ की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार की नेक-नीयत व ईमानदारी के साथ गरीब व जरूरतमंद को हर संभव सहयोग देने के उददेश्य से कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा है। सरकारी अस्पताल में प्रवर चिकित्सा अधिकारी पद पर कार्यरत डाक्टर इंद्रजीत सिंह ने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंत्योदय परिवारों को चिर आयु योजना के रूप में मनोहर तोहफा दिया है।

नंबरदारों की नियुक्ति पर लगाई रोक को तुरंत हटाए सरकार : अरोड़ा

सोहना : समाजसेवी व पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा बिल्लू तथा नंबरदार विजय अरोड़ा उर्फ बिटटू ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार से राज्य में नंबरदारों की नियुक्ति पर लगाई गई रोक को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि नंबरदार लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे पहली व महत्वपूर्ण कड़ी है, जो सरकार व गांव के बीच पुल का काम करते है। मौजूदा सरकार ने नंबरदारों की नियुक्ति पर रोक लगाकर व 70 वर्ष से ज्यादा उम्र वाले नंबरदारों को सेवा मुक्त करने का निर्णय लेकर नंबरदार विरोधी फैसला लिया है, जो लोकतंत्र के हक में कदापि ठीक नही है।

गरीब परिवारों की सहायता के लिए लागू की आयुष्मान योजनाः राघव

सोहना : गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी राघव का कहना है कि केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी आयुष्मान भारत योजना का अंत्योदय परिवारों तक विस्तार करने की सरकार की शुरू की गई चिर आयु योजना स्वास्थ्य सेवा के रूप में अंत्योदय परिवारों के स्वास्थ्य लाभ की दिशा में अहम कदम है। सरकार की नेक-नीयत व ईमानदारी के साथ गरीब व जरूरतमंद को हर संभव सहयोग देने के उद्देश्य से कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी राघव खेड़लिया ने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंत्योदय परिवारों को चिर आयु योजना के रूप में मनोहर तोहफा दिया है।

दस साल पुराना आधार कार्ड अपडेट कराना जरूरी : डागर

सोहना : सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर धर्मबीर डागर अलीपुरिया का कहना है कि जिन लोगों का आधारकार्ड दस साल पुराना है, वह अपने आधारकार्ड दस्तावेज को फिर से दोबारा अपडेट करा लें। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यानि यूआईडीआईए ने स्पष्ट किया है कि आधार नंबर का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने के लिए किया जा रहा है। इसके लिए व्यक्तिगत नवीनतम विवरण के साथ आधार डाटा को अपडेट कराना जरूरी बनाया गया है ताकि आधार सत्यापन में असुविधा ना रहे। आधारकार्ड में पता व पहचान के सबूत वाले दस्तावेज भी अपडेट कराना जरूरी बनाया गया है। जिन लोगों ने अपने आधारकार्ड बीते दस वर्षों के भीतर अपडेट कराए हैं, उन्हें इसकी जरूरत नहीं होगी।

लोगों के जीवन से खिलवाड़ और आर्थिक शोषण करना आम बात हो गई है

पाबंदी के बावजूद खुलेआम बिक रहा सिंघाड़े और कुटू का पुराना आटा

किसी भी दुकानदार का आटा व खाने-पीने के बिक रहे खुले सामान का कोई सैंपल नहीं भरा जाना हैरानी की बात है

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। नवरात्रों के प्रारंभ होते ही यहां पर प्रशासन की बंदिश के बावजूद सिंघाड़े और कुटू का खुला और पुराना आटा खुलेआम दुकानों पर बिक रहा है।

बता दें कि जले के प्रशासनिक अधिकारी मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए दुकानों पर छापेमारी के दावे कर रहे हैं, वही बाजार में दुकानदार लागू कानून-कायदों को ठेंगा दिखाते हुए आटे समेत खाने-पीने का सामान खुला बेच रहे हैं।

ताज्जुब तो यह है कि सैंपल विभाग द्वारा यहां पर अभी तक किसी भी दुकानदार का आटा व खाने-पीने के बिक रहे खुले सामान का कोई सैंपल नहीं भरा गया है। जिस कारण मिलावटखोरों के हौंसले बुलंद हैं

सोहना शहर व देहात के गांवों में इन दिनो नकली डिब्बा बंद तथा खुला देशी घी, मिलावटी खाद्य पदार्थों और घटिया दूध की

बिक्री का धंधा धड़ल्ले से पैर जमाने लगा है। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी और मिलावटखोरों की जेब भरो नीति के चलते सोहना में वस्तु पर प्रिंट वजन से कम वजन होना, खाली डिब्बे अथवा पॉलीथीन आदि का वजन भी सामान के साथ ही तोलना, नकली देशी घी, मिलावटी खाद्य तेलों तथा पिसे मसालों में मिलावट के चलते मनुष्य के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। वही उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण होना भी आम बात हो गई है।

ऐसा नहीं कि इस संबंध में माप-तोल अथवा स्वास्थ्य विभाग को जानकारी ना हो लेकिन चांदी के खनकते सिक्कों की चकाचौंध के आगे सरेआम उपभोक्ताओं के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। इस संबंध में नाम ना छापने की शर्त पर जानकार सूत्रों ने खुलासा करते हुए बताया कि प्रत्येक महीने एक तयशुदा राशि संबंधित अधिकारी तक पहुंचने के कारण उन पर कभी कोई आंच नहीं आती है। कागजों में आंकड़ों की खानापूर्ति के लिए कभी-कभार सैंपल भरने वाली टीम सोहना आती भी है तो उसकी पूर्व इतला उन्हें घर बैठे-बैठे हो जाती है। ऐसे में प्रत्येक महीने नजराना चढ़ाना वाले तो साफ बच जाते है और नजराना ना देने वाले तथा ऐंठ दिखाने वाले धार पर धर दिए जाते है। साथ ही विभागीय आंकड़ों का पेठा भी भर लिया जाता है। यही कारण है कि सोहना शहर व ग्रामीण क्षेत्र में रंगदार मिठाइयों, अत्यंत घटिया क्वालिटी के बिस्कुट, मिलावट युक्त हल्दी, मिर्च, धनिया आदि मसालें रात-दिन धड़ल्ले से बिकने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग चादर ताने सोया पड़ा है।

जल्द टीम भेजी जाएगी

इस बारे में बातचीत के दौरान सिविल सर्जन डाक्टर विरेन्द्र यादव ने बताया कि सैंपल भरने वाली टीम जल्द ही सोहना भेजी जाएगी ताकि खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा सके।

आम जन चाइनीज वस्तुओं का करें बहिष्कार : अरोड़ा

पाक का चीन को सबक सिखाने और सही रास्ते पर लाने के लिए उसके बनाए सामान का भारतीय बाजार में बहिष्कार बताया

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना : सामाजिक संस्था लायंसक्लब के पूर्व प्रधान लायन सुरजीत अरोड़ा व अजीत अरोड़ा अपने साथियों के साथ पुराने तहसील के सामने स्थित बंगला वाले पार्क में आए और वहां योगा कर रहे लोगों व मातृशक्ति से चाइनीज सामानों का उपयोग ना करने का आग्रह करते हुए उन्हे संकल्प दिलाया कि वह और लोगों को भी चाइनीज सामान का उपयोग ना करने के प्रति जागरूक बनाएंगे।

पार्क में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए लायंसक्लब के पूर्व प्रधान लायन सुरजीत अरोड़ा व अजीत अरोड़ा ने कहा कि वक्त-वक्त पर चीन ने पाकिस्तान को समर्थन देकर दिखा दिया है कि चीन भारत का कभी भी नजदीकी नहीं हो सकता है। वह नहीं चाहता कि भारत मजबूत बने। चीन को सबक सिखाने और सही रास्ते पर लाने के लिए उसके बनाए सामान का भारतीय बाजार में बहिष्कार जरूरी है।

उन्होंने बताया कि वह जल्द ही व्यापारी समुदाय की बैठक लेंगे और उन्हे चीन के बने सामान ना खरीदे और ना बेचे जाने का आग्रह करेंगे क्योंकि चीन ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारत को ललकारा है। ऐसे में हर भारतीय को चाहिए कि चीन के उत्पादों का त्याग करके अपना विरोध दर्ज कराए। साथ ही सरकार को चाहिए कि मेड इन इंडिया को बढ़ावा दे ताकि चाइनीज सामान का उपयोग हो ही नहीं पाए। चीन अपना कारोबार भारत में करे और साथ पाकिस्तान का दे। अब चलने वाला नहीं है। वैसे भी चाइनीज सामान लोगों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे हमारे स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि चीन भारत से किसी भी मामले में कमजोर नही है। अपना देश वर्ष-1962 वाली स्थिति से कई वर्ष पहले आगे निकल चुका है। आज भारतीय सेना शक्तिशाली सेनाओं में से एक और अत्याधुनिक हथियारों से लैस है। यदि चीन ने पाकिस्तान का साथ दिया तो पाकिस्तान का तो नामो-निशान विश्व के मानचित्र से तो मिटेगा ही, चीन को भी उसकी औकात पता चल जाएगी।

गुर्जर महोत्सव को लेकर तैयारियों ने पकड़ा जोर

3 दिवसीय आयोजन को लेकर लोगों में बना जबरदस्त उत्साह का माहौल

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना। नयागांव में रहने वाले परम गौभक्त चौधरी बलराज भड़ाना, भाजपा नेता सुंदर भड़ाना और जिलापरिषद की पूर्व सदस्या मीनाक्षी भड़ाना के अनुसार के दिसंबर महीने में होने वाले 3 दिवसीय गुर्जर महोत्सव को लेकर चल रही तैयारियां जोर पकड़ गई है। समाज के लोगों में इस 3 दिवसीय आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि गुर्जर आर्ट कल्चर ट्रस्ट के तत्वावधान में तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव 23, 24 व 25 दिसंबर को सूरजकुंड मेला स्थल पर आयोजित होगा, जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों व कोने-कोने से लोग सपरिवार बढ़-चढ़कर शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव की थीम हरियाणवी रहेगी।

बलराज भड़ाना, भाजपा नेता सुंदर भड़ाना और जिलापरिषद की पूर्व सदस्या मीनाक्षी भड़ाना का कहना है कि महोत्सव में गुर्जर समाज के गौरवशाली इतिहास और 1857 की प्रथम क्रांति व देश के विकास में गुर्जर समाज के योगदान की विशेष झलक देखने को मिलेगी। खुशी की बात यह है कि इस तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव में आने वाले लोगों को गुर्जर संस्कृति को नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, कर्नाटक से लेकर दिल्ली एनसीआर और सोहना खटानपुरी में रह रहे गुर्जर समाज के लोकगीत, लोक नृत्य, रहन-सहन, खानपान, परिधान व आभूषणों की झलक भी इस गुर्जर महोत्सव में दिखाई पड़ेगी। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न 13 राज्यों में 18 करोड़ गुर्जर जीवन यापन कर रहे है। गुर्जर महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी विशेष हस्तियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

महोत्सव 23, 24 व 25 को होगा : जगदीश अंबावता

गांव बैरमपुर में रहने वाले गुर्जर समाज के वरिष्ठ नेता जगदीश अंबावता के अनुसार गुर्जर आर्ट कल्चर ट्रस्ट के तत्वावधान में तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव सूरजकुंड मेला स्थल पर आयोजित होगा, जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों व कोने-कोने से लोग सपरिवार बढ़-चढ़कर शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव की थीम हरियाणवी रहेगी। आयोजन को कामयाब बनाने के लिए चौधरी रामफूल भाटी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इसमें गुर्जर आर्ट कल्चर ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी दिवाकर बिधूड़ी, सेवानिवृत पुलिस अधिकारी चौधरी सूरजमल घाटा, रणबीर चंदीला, रणदीपराम बैसला, निर्जन नागर, अन्नू भड़ाना, नीतू भड़ाना, राजीव पिलवान, बबली उल्लावास, रघुबर नागर आदि विभिन्न वक्ताओं ने महोत्सव को कामयाब बनाने के लिए अपने विचार रखे। खुशी की बात ये है कि इस तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव में आने वाले लोगों को गुर्जर संस्कृति को नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, कर्नाटक से लेकर दिल्ली एनसीआर और सोहना खटानपुरी में रह रहे गुर्जर समाज के लोकगीत, लोक नृत्य, रहन-सहन, खानपान, परिधान व आभूषणों की झलक भी इस गुर्जर महोत्सव में दिखाई पड़ेगी।

लाजवंती देवी के जीवन से प्रेरणा ले मातृशक्ति : भगवतदयाल शर्मा

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना।क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी व बाबा खाटूश्याम के परम भक्त भगवतदयाल शर्मा ने वरिष्ठ पत्रकार उमेश गुप्ता की माता जी 86 वर्षीय श्रीमती लाजवंती देवी की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी। उन्होने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनहोंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि प्रकृति भी अपना धर्म निभाती है। यह जीवन चक्र है। जो दुनिया में आया है, उसे जाना ही पड़ेगा। हमे अपने परिवार से जाने वाले दिवंगतों के पदचिन्हों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि लाजवंती देवी सदैव सर्वजातीय समाज से जुड़कर चली। उनके सामाजिक कार्यों से हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है। ऐसी समाजसेविका महिला को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर वार्ड-4 से नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया ने कहा कि स्वर्गीय लाजवंती देवी सदैव नारी उत्थान और शिक्षा को बढ़ावा देने में अग्रणी रही। उन्होंने सदैव जरूरतमंदों की मदद में अहम भूमिका निभाई और सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में आगे रहकर समाज में काफी नाम कमाया। वे हमेशा शहर में पीड़ित और दुखियों की हमदर्द बनकर चली। इ

उन्होंने कहा कि परिवार और समाज को लाजवंती देवी के निधन से जो क्षति हुई है, उसे कोई पूरा नहीं कर सकता है। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार संजय राघव दौहला, आशीष गर्ग, सुभाष पुलानी लाजवंती देवी की मौत पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। उन्होने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी।

सोहना में भी शहीद स्मारक बनाया जाए : बजरंगी

सोहना :सोहना व्यापार मंडल संघ प्रधान मनोज बजरंगी ने मांग की है कि स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की हंसते-हंसते बाजी लगा शहादत देने वाले शहीदों की यादों को चिरस्थाई बनाये रखने के लिए दिल्ली स्थित इंडिया गेट की तर्ज पर सोहना में भी शहीदों की स्मृति में यहां शहीद स्मारक बनाया जाए। बजरंगी ने विश्वास जताया कि शहीदों के सम्मान में सोहना में भी शहीद स्मारक बनने से सर्वजातीय समाज की युवा पीढ़ी शहीदों के गौरवशाली जीवन से प्रेरणा लेगी। आपसी प्रेम-प्यार, सौहार्द, भाईचारे को बढ़ावा मिलने से संकीर्ण सोच और साम्प्रदायिकता को बढावा देने वाले तत्वों के हौसले भी स्वतःपस्त हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि आम जनमानस के दिलों-जेहन में शहीदों की स्मृति चिरस्थायी बनी रहेगी। मनोज बजरंगी ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकार शहीदों को सम्मान देने का दावा कर ढिढौंरा तो खूब पीटती है लेकिन असलियत कुछ और है।

भूमाफियाओं के बारे में लोगों को किया सचेत

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां इन दिनों कॉलोनाइजर व भूमाफिया जीपीए तथा फुल पेमेंट एग्रीमेंट के आधार पर जमीन बेचकर जहां राजस्व की चोरी कर रहे हैं। जमीन बिकने पर जमीन के असल मालिक जीपीए को कैंसिल कर जमीन खरीदने वालों को झटका देने का काम कर रहे है। इस बारे में डीटीपीई मनीष यादव ने एक बार फिर से लोगों से आग्रह किया है कि वह अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीद कर अपनी जिंदगी भर की इकटठा की गई जमापूंजी को बर्बाद ना करे।

देखने में आ रहा है कि जमीन के असल मालिकान से भूमाफिया जमीन बेचने के लिए अपने नाम जीपीए कराकर उस जमीन पर 50 गज से लेकर 200 वर्ग गज वाले प्लॉट सस्ते दामों पर बेचने के नाम पर तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री कराने की बजाय खरीददार के नाम फुल पेमेंट एग्रीमेंट करा रहे है और उसमें जीपीए का हवाला दे रहे हैं। जबकि जमीन का असल मालिक जमीन बाबत किसी दूसरे व्यक्ति के नाम कराई गई जीपीए को अपने जीते जी कभी भी बिना कोई कारण बताए रद्द कर सकता है। मोटा मुनाफा कमाकर वे नौ-दो ग्यारह हो जाते है और जीपीए रदद होने पर जमीन खरीदने वाले जरूरतमंद हाथ मलते रहे जाते हैं। ऐसा ही मामला गांव गढ़ीहरसरू बाला जी नगर का प्रशासन के लिए जी का जंजाल बन चुका है।

पांचों राज्यों में किसकी बनेगी सरकार : नेताओं के अपने-अपने दावे

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। देश में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा के चुनाव में किस पार्टी की सरकार बनेगी इस पर अलग-अलग नेताओं ने अपने तौर पर दावे किए हैं। एक नेता ने तो 2024 में होने वाले लोकसभा के चुनावों के बाद केंद्र में किस पार्टी की सरकार बनेगी इसका दावा कर दिय है।

भाजपा की बनेगी सरकार : दिनेश शर्मा

स्थानीय मार्किट कमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया ने दावा किया है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनेगी और भाजपा पांचों राज्यों में पूर्ण बहुमत हासिल कर सरकार बनाकर दिखा देगी कि आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लागू की गई जनकल्याणकारी नीतियों का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है।

यहां पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में खेड़लिया ने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने को लेकर 'सबका साथ-सबका विकास' लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। जिन-जिन राज्यों में भाजपा सरकार है, वहां पर जबरदस्त तरीके से हो रहे विकास कार्य को देख अब गैर भाजपा सरकार वाले प्रदेशों में भी भाजपा की लहर चल रही है। यही कारण है कि भाजपा के प्रति बढ़ रहे रुझान और झुकाव को देख अभी से स्पष्ट नजर आ रहा है कि पांचों राज्यों में भाजपा की सरकार बनेगी।

कांग्रेस लहराएगी जीत का परचम : साचौलिया

सोहना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश शर्मा साचौलिया तथा ब्लाक समिति मैंबर रुचि शर्मा ने दावा किया है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी स्पष्ट बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि आज देश व विभिन्न प्रदेशों की जनता भाजपा की लूट व झूठ भरी नीतियों से तंग आ गई है। इसलिए देश की जनता अब कांग्रेस पार्टी की तरफ निहार रही है। दोनों नेताओं ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों से आह्वान किया कि वह पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करे और प्रदेश में मौजूदा भाजपा-जजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जनमानस को विस्तार से अवगत कराए।

भाजपा की जीत का दावा : रामकिशन राघव

भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और पार्टी में भौंड़सी मंडल के अध्यक्ष रामकिशन राघव ने दावा किया है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनेगी और भाजपा पांचों राज्यों में पूर्ण बहुमत हासिल कर सरकार बनाकर दिखा देगी कि आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लागू की गई जनकल्याणकारी नीतियों का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यहां पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में राघव ने कहा कि भाजपा राष्टहित को सर्वोपरि रखने को लेकर 'सबका साथ-सबका विकास' लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। जिन-जिन राज्यों में भाजपा सरकार है, वहां पर जबरदस्त तरीके से हो रहे विकास कार्य को देख अब गैर भाजपा सरकार वाले प्रदेशों में भी भाजपा की लहर चल रही है। यही कारण है कि भाजपा के प्रति बढ़ रहे रुझान और झुकाव को देख अभी से स्पष्ट नजर आ रहा है।

केंद्र में तीसरी तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार : राकेश जैन

श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन और जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने दावा किया है कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जादू चल रहा है। भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की बदौलत केन्द्र व प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। पांचों राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार स्पष्ट रूप से बनेगी। यहां पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में राकेश जैन ने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने को लेकर 'सबका साथ-सबका विकास' लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। जिन-जिन राज्यों में भाजपा सरकार है, वहां पर जबरदस्त तरीके से हो रहे विकास कार्य को देख अब गैर भाजपा सरकार वाले प्रदेशों में भी भाजपा की लहर चल रही है।

धार्मिक आयोजन — शहर की पंजाबी धर्मशाला में किया गया रामलीला का आयोजन

सीता स्वयंवर में श्रीराम ने तोड़ा धनुष,रचाया विवाह

स्वयंवर में मौजूद दूर दराज क्षेत्रों से आए राजा और राजकुमार प्रयास करते हैं, लेकिन कामयाब नहीं हो पाते। जब रावण धनुष को उठाने के लिए जैसे ही झुकते हैं तो आकाशवाणी हो जाती है....

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर श्री सनातन धर्मसभा के तत्वाधान में स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान ताड़का वध व अहिल्या को वरदान के बाद गुरु विश्वामित्र ने श्रीराम, लक्ष्मण को गंगा मैया के दर्शन कराकर उन्हे इसके इतिहास से अवगत कराया।

इसके बाद राजा जनक के दरबार में स्वयंवर की तैयारियां पूरी की जाने लगी और शंकर जी के धनुष को सीता जी दरबार में रखती है तथा शर्त बताई जाती है कि जो भी इस धनुष को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ा देगा, सीता उसी के गले में वरमाला डालेगी। स्वयंवर में मौजूद दूर दराज क्षेत्रों से आए राजा और राजकुमार प्रयास करते हैं, लेकिन कामयाब नहीं हो पाते। इसी बीच खुद के बल पर इतराए रावण धनुष को उठाने के लिए जैसे ही झुकते हैं तो आकाशवाणी हो जाती है कि रावण तेरी लंका में आग लग गई है। ऐसे में रावण खुद स्वयंवर छोड़कर लंका के लिए प्रस्थान कर जाते हैं, लेकिन जाने से पहले सीता को धमकी भरे शब्दों में यह भी कह जाते है कि सीते, एक दिन तुझको लंका जरूर दिखाउंगा। इसके बाद काफी समय तक राजा जनक की लक्ष्मण के साथ बहस होती है। श्रीराम उठते हैं और लक्ष्मण को शांत कहते है कि लड़ना अच्छा नहीं भाई-कुछ लक्ष्मण करो समाई। राजा जनक से वार्ता के बाद संगीत की स्वर लहरियों के बीच राम आगे बढ़कर श्री शिवजी के धनुष को प्रणाम करते है। धनुष को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ाना शुरू करने पर धनुष के बीच में से टूटकर 2 टुकड़े हो जाते हैं। श्रीराम ने धनुष तोड़ा तो दर्शकों ने श्रीराम की जय के उदघोष लगाए। तभी राजा जनक के दरबार में महर्षि परशुराम आगमन करते है और आते ही पूछते हैं कि शिव का धनुष किसने तोड़ा। परशुराम के बार-बार पूछने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो वह गुस्सा हो गए और कहा कि मूर्ख जनक, जल्दी बता ये धनुष किसने तोड़ा है-इस भरे स्वयंवर में किसने सीता से नाता जोड़ा है। जल्दी उसकी सूरत दिखला-वरना चौपट कर डालूंगा, जितना पृथ्वी पर राज तेरा-सब उलट-पुलट कर डालूंगा। स्थिति को संभालने के लिए श्रीराम परशुराम के सामने आते हैं और शीश झुकाकर कहते है कि शिव धनुष तोड़ने वाला भी कोई शिव का भक्त होगा-जिसने यह अपराध किया, वह दास तुम्हारा होगा, लेकिन परशुराम के क्रोध को ना थमते देख श्रीराम के अनुज लक्ष्मण बीच में आ जाते हैं। तब लक्ष्मण और भगवान परशुराम के बीच तीखी नोकझोंक शुरू होती है। दर्शकों को खूब मजा आता है। किसी प्रकार परशुराम का गुस्सा शांत होता है और सीता-श्रीराम के विवाह का मंचन होता है।

पर्यावरण को बचाएं,पटाखा मुक्त दीपावली मनाएं : अड़बरिया

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना : यहां पर स्थानीय शूज विक्रेता व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान लाला नरेन्द्र गर्ग अड़बरिया ने लोगों विशेषकर बच्चों से आग्रह किया है कि वह पर्यावरण को शुद्ध रखने तथा प्रदूषण पर रोक के लिए पटाखा मुक्त-पर्यावरण युक्त दीपावली मनाए।

उन्होंने कहा कि दीपावली पर पटाखों की जगह अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलांए। उन्होंने पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण से मनुष्य और वन्य प्राणियों को होने वाले नुकसान के बारे में बताया और कहा कि हम सभी को चाहिए कि पटाखा मुक्त-पर्यावरण युक्त दीपावली मनाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाए।

नरेन्द्र गर्ग अड़बरिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति इसे अपनी जिम्मेदारी समझे।

स्थानीय शूज विक्रेता व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान लाला नरेन्द्र गर्ग अड़बरिया, मोबाइल विक्रेता एसोसिएशन से जुड़े युवा समाजसेवी दिनेश गर्ग अड़बरिया, हार्डवेयर व्यापारी हरीश गर्ग, रेडीमेड कारोबारी पंकज कुमार गर्ग, शूज व्यापारी मोहित गर्ग, बिजली यूनियन से जुड़े युवा समाजसेवी विनीत रतड़ा ने शहर में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों विशेषकर बच्चों को पटाखों के दुष्प्रभाव से अवगत कराकर पटाखे ना चलाए जाने के प्रति प्रेरित करते हुए संकल्प दिलाया कि संकल्प लेने वाले बच्चे पटाखे नही चलाएंगे। साथ ही अपने साथियों को भी पटाखे ना चलाने के लिए जागरूक बनाएंगे।

19 page 3_02.qxd 10/18/2023 9:55 PM Page 1

दैनिक भरोसा मित्र

गुरुग्राम

03

www.dainikbharoosa.com | Google Play | dainikbharosa

गुरुग्राम, गुरुवार, 19 अक्टूबर 2023

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बदली शासन ...

अंदर देखे

नांगल चौधरी के विधायक बोले, 10 दिसंबर को

अंदर देखे

खबर फटाफट

निर्मला देशपांडे को जयंती पर किया नमन

गुरुग्राम। सोहना रोड स्थित केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल में पूर्व सांसद व गांधीवादी चिंतक निर्मला देशपांडे की जयंती पर सभी छात्रों, स्टाफ मैनेजमेंट के सदस्यों ने केआईआईटी प्रागण में स्थापित उनकी प्रतिमा पर फूल-माला अर्पित कर उन्हें याद किया।बच्चों ने निर्मला देशपांडे पर कविता सुनाई। स्कूल की प्रिंसिपल नीलिमा कामराह ने बताया कि निर्मला देशपांडे गांधीवादी विचारधारा से जुड़ी हुई प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता थीं। इनके पिता साहित्यकार थे। इनके पिता पुरुषोत्तम यशवंत देशपांडे को मराठी साहित्य में उत्कृष्ट काम के लिए 1962 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।निर्मला देशपांडे ने अपना जीवन साम्प्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं, आदिवासियों और अवसर से वंचित लोगों की सेवा में अर्पण कर दिया। निर्मला देशपांडे ने अनेक उपन्यास, नाटक, यात्रा तथा वृत्तान्त, विनोबा भावे की जीवनी भी लिखी थी। उन्होंने कि उन्होंने पूरे देश में एक लाख किलोमीटर की पदयात्रा कर भूस्वामियों से भूमिहीनों को जमीन देने के भूदान आंदोलन को आगे बढ़ाया। निर्मला देशपांडे ने गांधी के ग्राम स्वराज के संदेश के साथ भारत की करीब 40000 किलोमीटर की पैदल यात्रा की. इस दौरान विनोबा के सभी प्रवचनों को लिपिबद्ध कर 40 खंडों में भूदान गंगा की रचना। कश्मीर और पंजाब में आतंकवाद तब चरम पर था, इसके बाद भी निर्मला देशपांड ने अपनी यात्रा जारी रखी। उन्होंने पडोसी देशों विशेष कर पाकिस्तान के लोगों के साथ मैत्री स्थापित करने के प्रयास किए।

अवैध हथियार सहित युवक काबू

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सैक्टर-31 ने अनिल नामक एक व्यक्ति को हुडा मार्केट सैक्टर-31 से अवैध हथियार सहित काबू करके उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत थाना सैक्टर-40 में मामला दर्ज किया गया है। उक्त मामले में आरोपी को हथियार उपलब्ध कराने वाले साथी आरोपी नवीन को अपराध शाखा सैक्टर 31 ने झाड़सा चौक के निकट से काबू किया।

मोबाइल टॉवरों से बैट्री सेल चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने किया काबू

गुरुग्राम। मोबाइल टॉवरों से बैट्री सेल चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने 55 हजार 200 रुपए की नगदी सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 24 सितम्बर को एक व्यक्ति ने थाना सैक्टर 17/18 में एक लिखित शिकायत दी कि बीती रात को एमडीआई बिल्डिंग के पीछे सुखराली चौक के पास लगे इंडस टॉवर की बैट्री सेल किसी अज्ञात द्वारा चोरी की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी विनय को काबू कर लिया है। मकान में चोरी करने वाले 3 युवक गिरफ्तार

गुरुग्राम। मकान में घुसकर चोरी करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने 2 लैपटॉप व 4 मोबाइल सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11 अक्तूबर को एक व्यक्ति ने थाना सैक्टर-14 में शिकायत दी कि बीती रात को मियां वाली कॉलोनी स्थित उसके किराए के मकान से उसका व उसके दोस्त का लैपटॉप, मोबाइल फोन, नगदी व कुछ अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों राहुल, प्रिंस व राकेश को काबू कर लिया।

मानवीय जीवन चक्र को संतुलित रखने में औषधीय पौधों का विशेष महत्व

गुरुग्राम। जिला में राष्ट्रीय आयुष मिशन की आयुषग्राम योजना के तहत चिन्हित गांव खवासपुर में डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन व जिला आयुष अधिकारी डॉ मंजू के दिशा निर्देशन में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला आयुष विभाग द्वारा औषधीय पौधों के गुणकारी फायदों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से गांव खवासपुर में पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला आयुष विभाग की चिकित्सक डॉ मोनिका सिंह ने ग्रामीणों को औषधीय पौधों के महत्व और विविधता के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि प्रकृति के दिए गए वरदानों में पेड़-पौधों का विशेष स्थान है। जिसमें औषधीय पौधे श्रेष्ठ हैं। उन्होंने कहा कि मानवीय जीवन चक्र को संतुलित रखने व महामारी के समय जीवन को सुरक्षित रखने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिसका कोविड -19 जीवंत उद्धाहरण है। डॉ मोनिका ने कहा कि हमारे शरीर को निरोगी बनाए रखने में औषधीय पौधों का अत्यधिक महत्व होता है, यही वजह है कि हमारे ऐतिहासिक धर्मग्रंथों में इसके उपयोग के अनेक साक्ष्य मिलते हैं। उन्होंने जिला के किसानों से औषधीय पौधों की खेती करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे ना केवल किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी ।

कांग्रेसी नेता बोले, क्या कारण है भाजपा वाले अब नहीं करते स्मार्ट सिटी की बात

स्मार्ट सिटी का वादा करने वालों ने शहर को बना दिया कचरा सिटी : पंकज डावर

प्रदेश के मुखिया कहते थे इस शहर को स्मार्ट नहीं स्मार्टर सिटी बनाएंगे

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि भाजपा की कथनी व करनी में काफी अंतर है। भाजपा जो वायदे करती है, वे जुमले साबित होते नजर आ रहे हैं। साइबर सिटी गुरुग्राम को स्मार्ट सिटी से स्मार्टर सिटी बनाने वाले नेता, मंत्री, विधायक आखिर सब कहां गायब हो गए। बीते कई महीनो से साइबर सिटी की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। यहां सफाई कर्मचारी बार-बार धरने प्रदर्शन पर बैठ रहे हैं,

जनता जानना चाहती है 9 साल में कितनी स्मार्ट सिटी बनाई

आखिर 9 साल के शासनकाल में प्रदेश और देश की सरकारों ने कितनी स्मार्ट सिटी बनाई, जनता जानना चाहती है। पंकज डावर ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में शहर चमचमाता रहता था। यहां न तो कभी प्रदूषण की इतने बड़े लेवल पर समस्या थी और न ही इतनी गंदगी, जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से ही प्रदेश की जनता प्रदूषण की मार झेल रही है। आज गुरुग्राम शहर का कोई भी ऐसा सेक्टर कोई भी ऐसी सोसाइटी और कोई भी ऐसी कॉलोनी नहीं है। जहां सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो, बहुत से लोग अब इस शहर से पलायन करने की नियत बना रहे हैं। अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए तो यहां महामारी जैसी स्थितियां भी पैदा हो जाए इससे इनकार नहीं किया जा सकता है।

शहर के मौजूदा हालात पर सरकार में बैठे नेताओं को शर्म करनी चाहिए

लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। क्या कारण है सरकार स्थिति को संभाल नहीं पा रही है।

पंकज डावर ने कहा कि भाजपा के नेता केवल गुमराह करने और झूठे वादों करने पर ही विश्वास रखते हैं जो नेता देश में 100 स्मार्ट सिटी बनाने की बातें करते थे। अब आखिर देश और प्रदेश में स्मार्ट सिटी बनाने पर चर्चा क्यों नहीं करते।

ऑनलाइन जनसेवाओं से आसान हुई जनता की राह

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में स्थानीय बागवानी विभाग के सभागार में जनप्रतिनिधि और सरकारी कर्मचारियों को अंत्योदय सरल व अन्य सरकारी पोर्टल की तकनीकी जानकारी दी जा रही है। जिससे कि पोर्टल के प्रति आम जनता में व्याप्त भ्रांतियां दूर हो सकें। हरियाणा नागरिक संसाधन विभाग (क्रिड) की ओर से आयोजित जिलास्तरीय पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन आज स्थानीय निकायों के पार्षदों को सरकारी पोर्टल पर काम करने का तरीका विस्तार से समझाया गया। क्रिड के डीएसईओ विनोद वर्मा ने गुरुग्राम, फर्रूखनगर, पटौदी व सोहना निगम, परिषद व नगरपालिका से आए पार्षदों को बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने प्रदेश में सुशासन की स्थापना के लिए आम जनता के लिए नागरिक सेवाओं को ऑनलाईन शुरू करवाया है। जिससे कि लोगों से रूपए ऐंठकर काम करवाने वाले तथाकथित एंजेंटों को जनता पहचान ले और उनसे दूरी बना कर रखे। ऑनलाईन सेवाओं के शुरू होने के बाद हर जिला में आसानी से लोगों के सरकारी दस्तावेज बन रह रहे हैं। सरकार ने करीब 600 जनसेवाएं ऑनलाईन कर दी हैं और जल्दी ही सरकार का जनसहायक एप आने वाला है, जिस पर सभी विभागों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। विनोद वर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार की नीति के अनुसार विवाहित युगल को तीस दिन में अपना मैरिज सर्टिफिकेट बनवाना होता है।

गुरुग्राम पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के प्रति है प्रतिबद्ध : वीरेंद्र विज

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जीयू में हुआ कार्यक्रम

गुरुग्राम। महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन एवं कुलसचिव राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को गुरुग्राम विवि की आंतरिक शिकायत समिति ने गुरुग्राम पुलिस के सहयोग से महिला सुरक्षा पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुरुग्राम के पुलिस उपायुक्त वीरेंद्र विज एवं विशिष्ट अतिथि सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. कविता एवं इंस्पेक्टर सुमन एवं डीन अकादमी अफेयर्स प्रो. सुभाष कुंडू एवं प्रो. सीमा महलावत ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सेक्टर 50 एसएचओ राजेश कुमार ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। पुलिस उपायुक्त वीरेंद्र विज ने महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यक्रम में भाग ले रही गुरुग्राम विवि. की छात्राओं को महिला सुरक्षा के लिए डायल 112, दुर्गा शक्ति वाहिनी व महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों व साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा किसी भी समय असुरक्षित स्थिति महसूस करने पर वो 112 नंबर डायल करे। पुलिस आपकी सहायता करने के लिए 10 मिनट में पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम आयुक्तालय में इस समय महिला सुरक्षा हेतु 650 महिला पुलिस कार्यरत हैं। उन्होंने कहा गुरुग्राम पुलिस महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम तथा उनकी सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य गुरुग्राम जिले को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाना है। इस मौके पर छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. कविता ने दहेज अधिनियम, साइबर क्राइम ,पॉक्सो एक्ट तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीडन् के खिलाफ कड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी प्रकार से अपने आप को कमजोर न समझें गुरुग्राम पुलिस आपकी सहायता के लिए सदैव तैयार है।

श्री सनातन धर्मसभा द्वारा आयोजित रामलीलाल में उमड़ी भीड़

भगवान राम ने किया ताड़का का वध

सीता स्वयंवर व राम बारात लीलाओं का हुआ मंचन

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। साईबर सिटी में अनेक स्थानों पर चल रही भगवान श्रीराम की लीलाओं के दौरान भीम नगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर की श्री सनातन धर्मसभा द्वारा 70वीं श्रीरामलीला का मंचन किया जा रहा है। समिति के प्रधान पवन पाहूजा, महासचिव किशोरीलाल डूडेजा व डायरेक्टर एसके मल्होत्रा ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि विश्वामित्र जब जंगल के रास्ते भगवान श्रीराम व लक्ष्मण को लेकर जाते हैं तो राम-लक्ष्मण पूछते हैं कि यह कौन सा स्थान है। जिस पर विश्वामित्र कहते हैं कि यह मारीच की मां ताडका का क्षेत्र है और थोड़ा संभलकर चलना, वह कभी भी आ सकती है। विश्वामित्र के इतना कहते ही ताडका दूर से नजर आती है। दृश्य के दौरान ताडका व राम-लक्ष्मण का युद्ध दिखाया जाता है। युद्ध के दौरान ताडका का वध हो जाता है। अपनी मां ताडका का वध की घटना सुनने के बाद मारीच अपने भाई सुबाहु के साथ राम-लक्ष्मण से युद्ध करने आता है। जिसमें मारीच व सुबाहू की सेना मार दी जाती है। मारीच जान बचाकर भाग जाता है। थोड़ा आगे चलने के बाद विश्वामित्र को मिथिलापुरी संदेश वाहक आता दिखाई देता है। वह स्वामी विश्वामित्र से बोलता है कि महाराज जनक द्वारा सीता का स्वयंवर किया जा रहा है। आप इन दोनों को लेकर स्वयंवर में अवश्य आएं। स्वयंवर में अनेक राजा-महाराजा आमंत्रित किए गए हैं। जो धनुष को तोड़ेगा, उसके साथ सीता का विवाह होगा। एसके मल्होत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि दूसरे दृश्य के दौरान लक्ष्मण व परशुराम संवाद दिखाया गया, जोकि इस क्षेत्र का चर्चित दृश्य रहा। इस दृश्य को देखने के लिए काफी दूर दूर से लोग रामलीला में पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि इस दृश्य के बाद बैंड बाजों के साथ देर रात्रि को बैंड बाजे घोड़ा, बग्घी आदि के साथ बारात भीम नगर क्षेत्र में निकाली गई। जहां पर समाजसेवी ओमप्रकाश पाहूजा द्वारा बारातियों के लिए जलपान व भोजन की व्यवस्था की गई। रामलीला मंचन के दौरान चीफ गेस्ट के तौर पर भाजपा पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल, समाजसेवी डा. परमेश्वर अरोड़ा, सोनू भाटिया, विक्की तनेजा शामिल हुए। सभी को स्मृति चिन्ह देकर व माला-पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

साइबर अपराधों के प्रति पुलिस ने किया छात्रों को जागरूक

एमके अरोड़ा,भरोसा मित्र

गुरुग्राम। साईबर जागरूकता माह के तहत गुरुग्राम पुलिस द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित कर साईबर अपराधों के बारे में जागरुक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त साईबर विपिन अहलावत के नेतृत्व में गुरुग्राम पुलिस की सभी पुलिस जोनों के साईबर पुलिस थानों की टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करके इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को साईबर अपराधों की पहचान, साईबर ठगों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले तरीके, साईबर अपराधों के प्रकार, साईबर अपराधों से बचाव व साईबर अपराध होने पर उनके समाधान के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। साईबर जागरूकता माह के तहत लोगों को जागरुक करने की इस क्रम में पुलिस थाना साईबर मानेसर की पुलिस टीम ने गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल गांव खेडकी दौला, साईबर थाना पश्चिम, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने होली किंगडम स्कूल हिरानगर, सीनियर चारली स्कूल बसई इन्क्लेव, गुरुग्राम में, साईबर थाना दक्षिण की पुलिस टीम ने कादरपुर चौक व साईबर थाना पूर्व, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने मैट्रो हुडा सिटी सेंटर, गुरुग्राम में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस टीमों द्वारा लोगों को, स्कूल में पढने वाले बच्चों, स्कूल टीचर व स्टॉफ को साईबर अपराधों के बारे जागरूक करने के उद्देश्य से उन्हें बैकअप डाटा/बैंक फॉड/पेटीएम/फोन-पे/गूगल-पे और बैंक कस्टमर अधिकारी व किसी अन्य विभाग के अधिकारी/प्रतिनिधि बनकर किए जा रहे साईबर फ्रॉड के प्रति सचेत रहने व उनसे बचने से संबधित जानकरी देकर जागरूक किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस टीमों द्वारा लोगों को अपने मोबाईल फोन/लैपटॉप/ उपकरणों को नियमित रूप से अपडेट करने व बैकअप से सम्बन्धित जानकारी दी गई। पुलिस टीमों द्वारा लोगों को बताया गया कि यदि यूजर डिवाइस में मौजूद अपने जरूरी डेटा का नियमित रूप से बैकअप रखता है और किसी भी करण से डिवाईस खराब हो जाती है तो उस स्थिति में डेटा को दोबारा रिस्टोर किया जा सकता है।

बैकअप के साथ-साथ हमें अपने डेटा की सुरक्षा अत्यंत जरूरी

बैकअप के साथ-साथ हमें अपने डेटा की सुरक्षा अत्यंत जरूरी है, जिसके लिए स्ट्रांग पासवर्ड और 2 स्टेप ऑथेंटिकेशन अवश्य लगाएं। पुलिस टीम द्वारा अधिक जानकारी देते हुए बताया कि डाटा बैकअप क्रैश होने पर अपने डाटा को प्राप्त करने के लिए गूगल से किसी भी एपीके फाईल को डाउनलोड ना करें क्योंकि साईबर ठग डाटा फेक ऐप क्लोन बनाकर आपके बैकअप को माध्यम बनाकर आपके साथ ठगी की वारदात को अंजाम देते है। साईबर ठग आपको लिंक के माध्यम से आपके मोबाईल/लैपटॉप/डिवाईस में वायरस डालकर आपकी निजी जानकारी प्राप्त कर सकते है, इसलिए अपने मोबाईल/लैपटॉप/डिवाईस को समय-समय पर अपडेट रखे व इसके साथ यूजर को अपने बैकअप डेटा की सुरक्षा भी ध्यान रखना जरूरी है।

त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए 27 अक्टूबर से चलेगा संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान

एमके अरोड़ा,भरोसा मित्र

गुरुग्राम। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम दर्शन यादव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार त्रुटि रहित फोटो युक्त मतदाता सूची तैयार करना बेहद जरूरी है। जिसके लिए जिला में नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोडने व पुराने मतदाता की आपत्तियों व दावों के अनुरूप संशोधन के लिए 27 अक्टूबर से विशेष अभियान चलाया जाएगा। सीटीएम दर्शन यादव ने लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में यह जानकारी देते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए त्रुटि रहित वोटर लिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित विभिन्न आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों से इस पूरी प्रक्रिया में बीएलओ को सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि विश्व का सबसे बडा लोकतंत्र होने के नाते हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि आमजन को चुनाव प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें साथ ही यदि किसी परिवार में किसी सदस्य का निधन हो गया है तो वे वोटर लिस्ट से उनका वोट कटवाएं,जिससे त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि सभी नागरिक जो 18 वर्ष की उम्र पूरी करते हैं वो वोट बनवाने के पात्र है। सीटीएम के निर्देशानुसार सभी बीएलओ को यह निर्देशित किया गया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जो अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाना चाहता हैं उससे उनके पूर्व पहचान पत्र की कॉपी/पूर्व निवास स्थान के पते के प्रमाण की प्रति लेते हुए पूर्ण पड़ताल करके ही फार्म भरवाया जाये तथा फार्म के साथ डिक्लेरेशन फार्म भी अवश्य भरवाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वोट बनवाने आये पात्र व्यक्तियों से उनके आयु व रिहायश के मूल प्रमाण चेक करके व उनके रिहायश की मौके की पड़ताल करके ही बीएलओ अपनी सत्यापन रिपोर्ट करे। उन्होंने बैठक में उपस्थित आरडब्ल्यूए व राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से सोसाइटियों व उनके क्लब हाउस में स्थापित वोटिंग बूथ पर भी विचार विमर्श किया जिस पर उन्होंने अपनी सहमति जताई।

आस्था | हनुमान चालीसा का पठन मन को एकाग्र और जीवन को सफल करने का रामबाण उपाय

हनुमान चालीसा पाठ का आंकड़ा पहुंचा 3 लाख 81 हजार पार

एमके अरोड़ा,भरोसा मित्र

गुरुग्राम। पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष व सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी की अगुवाई में केंद्रीय संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डॉ. सुधा यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन पालम विहार जे ब्लॉक स्थित वाटिका में किया गया। सीकरी ने बताया कि करीब 8 माह में अब तक 134 स्थानों पर हनुमान जी के दरबार लग चुके थे। मंगलवार को 525 लोगों ने सामूहिक एक ही स्थान पर बैठकर हनुमान चालीसा की गाथा का आनंद लिया और आंकडा 3 लाख 81 हजार पार कर गया। 27,243 श्रद्धालु परसों तक जुड चुके थे। कल के 135 वें स्थान पर उपस्थित साधकों की सवा पांच सौ की संख्या को मिलाकर आंकडा 27,768 हो गया है। चुनाव समिति की अचानक बैठक होने के कारण डॉ. सुधा यादव आयोजन में शामिल नहीं हो पाई, लेकिन उनके पुत्र सिद्धार्थ यादव कार्यक्रम में शामिल हुए। गजेंद्र गोसाई ने 21 बार पाठ किए। आयोजक शेखर तनेजा और संजीव चुटानी तथा आरडब्ल्यूए की टीम भजनों पर झूमने लगी। बोधराज सीकरी ने सनातन धर्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी तो भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सिद्धार्थ यादव ने भी आद्यात्मिकता पर अपने विचार रखे। उन्होंने न केवल बोधराज सीकरी का आभार प्रकट किया बल्कि अपनी माता जी के आधार पर भी सभी का धन्यवाद किया और आश्वस्त किया कि वह भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। बोधराज सीकरी ने कहा कि 26 अक्तूबर को उनका जन्मदिन है और उस उपलक्ष्य में उनके 13 मित्र मिलकर हनुमान चालीसा के माध्यम से बिल्स बैंक्वेट हॉल में 25 अक्तूबर को बहुत बडा आयोजन करने जा रहे हैं। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, स्वामी धर्मदेव महाराज की गरिमामयी उपस्थिति, विधायक सुधीर सिंगला, सत्य प्रकाश जरावता और जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड ने अपनी सहमति दे दी है, जबकि डॉ.सुधा यादव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। आयोजन में शेखर तनेजा और संजीव चुटानी ने लोगों का स्वागत किया और हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत प्रसाद की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त सुशांत लोक फ्लायर पार्क में 10 लोगों ने 5-5 और जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में 50 लोगों ने 5-5 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया।

ऑन द स्पॉट स्केचिंग, सोलो, क्लासिकल बेस्ट ड्रामेबाज प्रतियोगिता करवाई

गुरुग्राम। सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद सभागार में जिलास्तरीय बाल महोत्सव-2023 के दूसरे दिन आज बच्चों में सांस्कृतिक, पेंटिंग व क्ले मॉडलिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। इस चार दिवसीय महोत्सव में 60 से अधिक स्कूलों की टीमें उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने बताया कि बाल कल्याण परिषद के चेयरमैन एवं डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में यह महोत्सव मनाया जा रहा है। आज सोलो डांस, क्लासिकल डांस, बेस्ट ड्रामेबाज, ऑन द स्पॉट स्केचिंग स्पर्धाएं करवाई गई। रुप एक, दो, तीन और चार वर्ग की टीमें बांटकर दो मंचों पर ये प्रतियोगिता करवाई गईं। जा रही हैं। आज देवी सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्जवलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला रैडक्रास सोसायटी के सचिव विकास कुमार, समाजसेवी साधु सिंह इस मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे बच्चों का उत्साहवर्धन किया। धार्मिक व पारंपरिक लोक गीतों, देवी वंदना, गणेश वंदना, कृष्ण भक्ति पर आधारित गीतों पर बच्चों ने अपने नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। निर्णायक मंडल में महेश वत्स, दिनेश चौधरी, पूजा कुमारी,ख्मनीषा अग्रवाल, पूनम वत्स, टेकचंद, प्रवीण यादव, नवीन यादव इत्यादि ने बच्चों के प्रदर्शन का अवलोकन किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग की कोऑर्डिनेटर बिंदु दक्ष, रामकिशन वत्स, ओमप्रकाश, प्रदीप इत्यादि मौजूद रहे।

खबर फटाफट

नवरात्र उत्सव के चौथे दिन माता कूष्माण्डा स्वरूप की पूजा की

तावडू। नवरात्र उत्सव के चौथे दिन माता कूष्माण्डा स्वरूप की पूजा श्रद्धालुओं द्वारा बुधवार को श्रद्धापूर्वक की गई। शहर व क्षेत्र के माता मंदिरों सहित अन्य मंदिरो में पूजा के लिए भक्तों की लंबी लाईने नजर आई। मंदिरों के बाहर पूजा एवं व्रत के सामान की स्टालें लगी हुई थी और श्रद्धालू खरीददारी करते नजर आए। भगवती दुर्गा की नौ शक्तियों में से चौथा स्वरूप कूष्माण्डा देवी का है। माना जाता है कि सृष्टि की उत्पत्ति से पहले जब चारों और अंधकार था और कोई भी जीव-जंतु नहीं था तो मां दुर्गा ने इस अंड यानी ब्रह्माण्ड की रचना की थी। कूष्माण्डा मां की सृष्टि की आदिस्वरूपा आदि शक्ति है। मां का निवास सूर्यमण्डल के भीतर के लोक में है। इनके शरीर की कांति और प्रभाव सूर्य के समान ही दैदीप्यमान और भास्वर है। मां के तेज प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित होती हैं। इनकी आठ भुजाएं है और माता सिंह पर सवार है। मां कू ष्माण्डा के सात हाथों में चक्र, गदा, धनुष, कमण्डल, अमृत से भरा हुआ कलश, बाण और कमल का फू ल है तथा आठवें हाथ में जपमाला है जो सभी प्रकार की सिद्धियों से युक्त है। शहर के माता मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में माता के चौथे स्वरूप कूष्माण्डा देवी की पूजा अर्चना श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धापूर्वक की गई।

माडर्न हिन्द स्कूल में बाल महोत्सव पर प्रतियोगिता का आयोजन

तावडू । उपमंडल के गांव खोरी कलां के माडर्न हिन्द सी0 से0 स्कूल में खंड स्तर पर बाल महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ-चढ कर भाग लिया। इन प्रतियोगितयों में स्थान प्राप्त करने वाले ग्रुप डांस में तृतीय श्रेणी, सोलो डांस में प्रथम स्थान पर वैष्णवी, स्केचिंग में तुसैल तृतीय स्थान पर, ग्रुप सांग में प्रथम स्थान पर आदिय, तृतीय स्थान पर, जीके क्विज में तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्रबंधक सहजाद खान ने बच्चों को संबोधित किया कि इन विद्यार्थियों के अपने विद्यालय का ही नहीं बल्कि अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल सवीता भारद्वाज ने कहा कि इससे पहले भी विद्यार्थी स्टेट लेवल तक भी जी चुके। जो अध्यापकों की मेहनत का परिणाम है। अब ये बच्चे ब्लाक स्तर पर प्रतियोगिताओं में भाग लेगें। इस अवसर पर कर्मवीर सिंह, अनुप, साजिद खान, श्यामवीर सहित पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

पंजाबी समाज सेवा समिति ने की कार्यालय में बैठक

तावडू । शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित पंजाबी समाज सेवा समिति के कार्यालय में बुधवार को समाज के गणमान्य लोगों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज में फैल रही कुरीतियों पर अंकुश लगाने का आहवान किया गया। वहीं आगामी माह दीपावली मिलन समारोह का आयोजन करने पर भी चर्चा की गई। समाज के प्रधान प्रमोद आहुजा ने बताया कि समाज के लोगों की तरफ से निर्णय लिया गया कि दीपावली मिलन समारोह पर सरकारी स्कूलों में गरीब बच्चों के लिए स्वेटर, जूते व खाद्य सामग्री खिलाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान बहुत से विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि समाज के गणमान्य लोग अब समाज को आगे बढाने के लिए एकमत हो गए है और जल्द बहुत से मुद्दों पर विकास की ओर बढने की चर्चा भी हुई। इस दौरान समाज के सरप्रस्त केएल मदान, सुदर्शन वर्मा, योगेन्द्र आहुजा, नरेश ढल्ल, सुरेश सतीजा, शिव कुमार मक्कड, एडवोकेट सचिन मेहता, पूर्व पार्षद राजेन्द्र उर्फ बग्गा, सुरेश सतीजा, दीपक चांदना, पंडित सुभाष चन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र अरोडा आदि मौजूद रहे।

जिला स्तरीय बाल प्रतियोगिता में 55 स्कूलों के 200 बच्चों ने लिया भाग

नारनौल। जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में आयोजित की जा रही 9 दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में आज बैस्ट ड्रामेबाज प्रथम व द्वितीय ग्रुप तथा क्लासिकल सोलो डांस तृतीय व चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में जिलेभर से 55 स्कूलों के 200 बच्चों ने भाग लिया।जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि आज की बेस्ट ड्रामेबाज प्रथम व द्वितीय ग्रुप प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने रानी पद्मिनी का जौहर, एसिड अटैक, अश्वथामा, फौजी, गब्बर सिंह आदि संदेश देते हुए नाटक ड्रामा को अपने सुन्दर अभिनय द्वारा दर्शाया तथा सोलो क्लासिकल डांस तृतीय व चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने भारत के अलग-अलग राज्यों के क्लासिकल नृत्यों को दर्शाया तथा उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी वितरित की। उन्होंने बताया कि बेस्ट ड्रामेबाज प्रथम व द्वितीय ग्रुप प्रतियोगिता के प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता बच्चे आगे सीधे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए महेंद्रगढ़ जिले की तरफ से भाग लेंगे जिनके आयोजन की तिथि व स्थान की जानकारी आगे दे दी जाएगी तथा क्लासिकल सोलो डांस तृतीय व चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता बच्चे 27 अक्टूबर को सुबह 9 बजे बाल भवन के नजदीक जान हॉल सिविल लाईन गुरुग्राम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि आज की प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले सभी विजेता बच्चों को 14 नवंबर को जिला स्तरीय बाल-महोत्सव समारोह उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

डी.ए.पी. खाद की कमी के कारण किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है : ठाकुर अतर लाल

नारनौल। जिला में डी.ए.पी. खाद की कमी के कारण किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में बहुजन समाज पार्टी की अगुवाई में मानपुरा गांव के किसानों ने प्रदर्शन कर राज्य सरकार से डी.ए.पी. खाद पर्याप्त मात्रा में किसानों को उपलब्ध करवाने की मांग की है। प्रदर्शन का नेतृत्व बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने किया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए अतरलाल ने कहा कि खेतों में सरसों की बिजाई का समय चल रहा है, परन्तु किसान डी.ए.पी. खाद के लिए मारे-मारे फिर रहे हैं। उन्हें काम के समय में डी.ए.पी. खाद के लिए लंबी-लंबी लाइन में लगकर परेशान होना पड़ रहा है और कई बार खाली हाथ निराश होकर लौटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरसों तथा गेहूँ की बिजाई में डी.ए.पी. खाद की ज्यादा जरूरत होती है।

निजामपुर गांव में डीपो धारक पर राशन वितरण प्रणाली में धांधलेबाजी करने का आरोप

ग्रामीणों की डीपो धारकों के लाइसेंस रद्द कराने की मांग,शिकायत दी

डीपो धारकों द्वारा राशन वितरण प्रणाली में धांधलेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी: महेश यादव

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । मेवात जिले में डिपो धारकों द्वारा की जा रही धांधलेबाजी कम होने का नाम नहीं ले रही है। ऐसा ही एक मामला नूंह के समीप गांव निजामपुर और मरोड़ा में देखने को मिला है। जिसमें गांव के लोगों ने दो डिपो धारकों के खिलाफ राशन वितरण प्रणाली में जमकर धांधली करने का आरोप लगाते हुए जिले के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारी महेश यादव को शिकायत देकर उनका लाइसेंस रद्द कराने की मांग की है। इतना ही नहीं इससे पूर्व भी इन डीपो धारकों द्वारा राशन वितरण प्रणाली में धांधले बाजी करने के मामले में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी महेश यादव ने उनकी सप्लाई बंद की हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निजामपुर के अब्बास और तारीफ ने जिले के अधिकारियों को शिकायत देकर बताया कि उनके गांव में चाचा भतीजे के नाम से दो डिपो हैं। जिनमें जमकर धांधलेबाजी की जा रही है। उक्त डीपो होल्डर गरीबों को मिलने वाले राशन में घपले बाजी कर गरीबों के हक का राशन हड़पने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार शिकायत करने पर भी डीपो होल्डर अपनी मनमर्जी से बाज नहीं आ रहे हैं और गरीबों को मिलने वाले राशन को कम मात्रा में देकर उनको अपने राशन की दुकान से भगाने के साथ-साथ अंगूठे लगवा कर राशन न देने की भी कई बार इन लोगों ने शिकायत की है। जिस पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने एक टीम गठित कर गांव में जब जांच के लिए भेजी तो जांच में पाया कि उक्त डिपो होल्डर कार्ड धारकों को कभी अनाज कम देते हैं तो कभी तेल नहीं देते हैं। इतना ही नहीं कार्ड धारकों को मिलने वाली चीनी भी बढे हुए दामों में दी जा रही है। जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। जांच में जब विभाग के अधिकारियों ने पाया कि उक्त डिपो होल्डर द्वारा राशन वितरण प्रणाली में धांधले बाजी की जा रही है, तो डिपो धारक मुस्तफा का विभाग के अधिकारियों ने गांव में जांच कर उसकी रिपोर्ट जिला खाद्य एवं आपूर्ति के अधिकारी को सौंपी ।जिन्होंने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुस्तफा नाम के लाइसेंस की सप्लाई बंद कर दी। लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि इन डिपो धारकों के पास तीन मशीन है अगर दूसरी मशीन बंद हो गई तो और बची हुई मशीनों से यह सप्लाई लाकर राशन वितरण करते हैं और अपनी मन मर्जी से बाज नहीं आ रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के निचले अधिकारी इन डीपो धारकों से मिली भगत करके सरकार के राशन को हडपवाने का काम कर रहे हैं। लेकिन जिला अधिकारी इसमें बेहतर कार्रवाई कर रहे हैं। जिससे उक्त डीपो होल्डर के लाइसेंस की सप्लाई बंद हो गई है। जब इस बारे में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी महेश यादव से बात की तो उन्होंने बताया कि जिले में काफी समय से ऐसी शिकायत आ रही थी। लेकिन जब से उन्होंने मेवात जिले का पदभार संभाला है ऐसे लोगों के खिलाफ वह लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा दिए जा रहे राशन में भ्रष्टाचार करने व गरीबों को राशन न देकर गबन करने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उनके लाइसेंस रद्द किए जाएंगे।

तावडू में गौकसी करने वाला गिरफ्तार

नरेश मैहंदीरत्ता,भरोसा मित्र

तावडू । उपमंडल के गांव धुलावट केएमपी पुल के समीप से एक गौकसी करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा तस्कर भागने में कामयाब रहा। इस मुठभेड में एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस ने नामजद 2 व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। तावडू अपराध शाख प्रभारी निरीक्षक सुभाष ने बताया कि गत 17 अक्टूबर को उप.निरीक्षक महेन्द्र अपराध शाखा तावडू अपनी टीम के साथ गस्त पर धुलावट केएमपी पुल के नीचे मौजूद था। उसी समय गुप्त सूचना मिली कि गांव कलियाकी निवासी सुबीन खां व गांव पाटूका निवासी वहीद मिलकर गौकशी करने का धन्धा करते है और साथ में अवैध हथियार भी रखते है। जो आज कहीं से गाय खरीदकर लाये है और धुलावट के पहाड़ में गौकशी करने की तैयारी कर रहे है। जिस सूचना पर अपराध शाखा तावडू पुलिस ने मौका पर दबिश की तो एक व्यक्ति हाथ में हथियार लिये हुये दिखाई दिया। जिसने पुलिस पार्टी को देखते ही अपने साथी वहीद उपरोक्त को आवाज लगाते हुये अवैध हथियार से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से सीधा फायर किया। पुलिस को ओर से भी अपना बचाव करते हुये जवाब में गोली चलाई गई। जवाबी कार्यवाही में दोनों पैरों में गोली लगने से सुबीन घायल हो गया। वहीं कार्यवाही में सिपाही प्रवीन भी घायल हुआ है। उक्त सुबीन के पास से एक अवैध देशी कट्टा व 2 खाली रौंद बरामद हुये तथा मौका से 2 गौधन व गौकशी करने का अन्य सामान भी बरामद हुआ। घायल सुबीन को पुलिसकर्मियों ने काबू करके इलाज के लिये नल्हड मेडिकल कालेज में भर्ती कराया तथा घायल पुलिसकर्मी को नागरिक अस्पताल तावडू ले जाया गया। आरोपी वहीद अन्धेरे का फायदा उठाकर मौका से भागने में कामयाब हुआ। पुलिस ने उक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान तहत किया लोगों को जागरूक

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । भारतीय रैड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा के महासचिव डाश मुकेश अग्रवाल के निर्देशन एवं जिला उपायुक्त कम अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूह धीरेंद्र खडगटा तथा सचिव वाजीद अली के कुशल मार्गदर्शन में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूह ने भारत सरकार के 2025 के टी0बी0 मुक्त अभियान को कारगर करने तथा सड़क सुरक्षा-जीवन सुरक्षा विषय पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर अहीर एवम कलवाड़ी में जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। सेमीनार की अध्यक्षता महेंद्र कुमार प्रधानाचार्य ने की। इस सेमिनार में जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने बतौर मुख्य वक्ता सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा मुहिम के तहत दोनों ही विद्यालय के करीब 200 विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की पालना एवम रक्तदान-जीवनदान बारे जागरूक किया। मलिक ने सर्वप्रथम से क सुरक्षा-जीवन रक्षा मुहिम के तहत से क सुरक्षा नियमों की पालना हेतु जागरुक किया। उन्होंने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को मोटर वाहन संशोधन विधेयक-2019 की विस्तृत जानकारी दी। जिनमें मुख्यतः शराब पीकर वाहन ना चलाने, नाबालिग से वाहन ना चलवाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, आपातकाल वाहन को तुरंत रास्ता देने, आपातकाल नम्बरों की जानकारी दी। वाहन चलाते समय निर्धारित लेन का प्रयोग, सीट बेल्ट, हेलमेट लगाने, वाहन ओवरस्पीड,ओवरलोड न चलने बारे जागरूक किया। रैड क्रॉस टी0बी0 प्रोजेक्ट के स्वयं सेवक आरिफ खान एवम रोनक अली ने जागरुक करते हुए टी0बी0 के लक्षण जिनमे 02 हफ्ते से ज्यादा खांसी, बुखार का बे ना (जो अधिकतर रात्रि में बे ता है), छाती में ते दर्द महसूस होना, वजन का अचानक कम होना, भूख कम लगना, बलगम के साथ खून का आना, सांस लेने में तकलीफ होना, थकावट एवं बार बार पसीना आना, घुटनों में दर्द, गहरी सांस लेने में सीने में दर्द होना आदि बताए। उन्होंने टी0बी0 बीमारी से बचाव के तरीके जैसे रोगी को खांसते, छीकते समय मुँह को ढकना चाहिए, खुले में न थूके, शराब एवं धूम्रपान से परहेज करें, बीमारी का पूर्ण ईलाज लें, नवजात शिशु को एक माह के अंदर बी0सी0जी0 का टिका कराएं, रोगी के किसी भी सामान को प्रयोग में ना लाएं सरकार की सभी लाभकारी स्कीमों से टी0 बी0 मरीजों को जो ने हेतु जागरूक किया। उन्होंने बताया कि आपके आसपास 2 हफ्ते से ज्यादा खांसी, बुखार हो तो तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर मुफ्त जाँच कराये ताकि बीमारी और बीमारों को बे ने से रोका जा सके। इस अवसर पर नरेश डागर ने सभी को सड़क सुरक्षा एवं टी0बी0 मुक्त भारत अभियान से जु ने के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर सूरजभान, विनोद कुमार, जयचंद, कलवाड़ी विद्यालय के प्रिंसिपल नरेश गर्ग, कंवरपाल, देवेंद्र कुमार, ओमप्रकाश, कृष्ण कुमार अध्यापकों ने रैड क्रॉस हरियाणा की इस मुहिम की सराहना की।

जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में यदुवंशी रहा प्रथम

नारनौल। आरोही मॉडल स्कूल मंढ़ाणा में हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सौजन्य से एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नूंह में सीएसआर मीट का आयोजन, करीब 35 कारपोरेट्स ने लिया भाग

प्रशासन के अधिकारियों की प्रजेंटेशन में कई कारपोरेट्स ने दिखाई गहरी रूचि : धीरेंद्र

कारपोरेट्स ने नूंह की विकास परियोजनाओं में सहयोग दिया आश्वासन

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । मेवात ग्रामीण विकास अभिकरण की ओर से हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के सहयोग से आज बुधवार को आकांक्षी जिला नूंह में अत्यधिक सफल कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कॉरपोरेट से करीब 35 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मीट के माध्यम से सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों के बीच सकारात्मक परिवर्तन को प्रोत्साहित करने के लिए सहयोग आमंत्रित किया गया। उपायुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एमडीए धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय नूंह में आयोजित इस सीएसआर मीट में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा आकांक्षी जिला नूंह में चल रहे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स, उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी और कंपनियों के प्रतिनिधियों से इन महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में सीएसआर के माध्यम से निवेश करने का आह्वान किया गया।

सीएसआर मीट में कॉर्पोरेट क्षेत्र से सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी गई तथा कई कॉरपोरेट्स ने पहले से चल रही परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा अन्य प्रोजेक्ट शुरू करने या फिर विभागों के प्रोजेक्ट्स व कार्यक्रमों में सहयोग के रूचि दिखाई और उसमें भागीदारी का आश्वासन दिया। कारपोरेट्स ने सामाजिक उतरदायित्व के मद्देनजर अपनी प्रतिबद्धता व भविष्य की योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस बैठक में उल्लेखनीय प्रतिभागियों में से एक प्रमुख पावर ट्रांसमिशन कंपनी पावरग्रिड ने नूंह जिले में 2 एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि दिल्ली में सीएसआर कान्क्लेव के दौरान भी कई कारपोरेट्स की विभिन्न प्रोजेक्ट्स व कार्यक्रमों में सहयोग की प्रतिबद्धता आई हुई है। आज भी सीएसआर ट्रस्ट के माध्यम से भी जिला को प्रतिबद्धताएं प्राप्त हुई हैं। उम्मीद है आगामी 20 दिनों में प्रोजेक्ट्स फाइनल कर कई कंपनियों की भागीदारी सुनिश्चित हो जाएगी। कौशल विकास प्राधिकरण की ओर से ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कुछ परियोजनाओं को नीति आयोग से सहयोग से शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज की मीट में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा दी प्रजेंटेशन में कई कारपोरेट्स ने रूचि दिखाई तथा अन्यों को ई-मेल के माध्यम से भी प्रजेंटेशन भेजी गई है।

बैठक के आरंभ में एमडीए के डिप्टी सीईओ प्रदीप अहलावत ने कारपोरेट्स के सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के अतिरिक्त सीईओ गौरव सिंह ने विस्तार से सीएसआर व ट्रस्ट की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एसीयूटी राहुल, सीएमजीजीए वैभव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

राजकीय महिला महाविद्यालय,सालाहेडी में हुआ प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय,सालाहेडी, नूंह में बुधवार को दो दिवसीय प्रतिभा खोज सांस्कृतिक कार्यक्रम *उड़ान* का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय की छात्राओं का गुरुग्राम में आगामी 3 से 5 नवंबर,2023 आयोजित होने वाले क्षेत्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने हेतु चयन किया जाना था।इस प्रकार के सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं से प्रतिभाशाली छात्रों की छिपी प्रतिभा को तराशने का उत्तम अवसर मिलता है।दर्शकों की भीड़ में भी निसंकोच भाव से स्वयं की कला से सबका मन मोह लेने के साथ साथ कलाकार कला के उच्च मंच तक को आसानी से छू कर अपने उद्देश्य तक पहुंच जाता है । इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे प्रश्नोत्तरी(क्विज),गीत/ग़ज़ल/भजन, कविता,हिंदी,हरियाणवी,उर्दू,पंजाबी,अंग्रेजी,क्ले मॉडलिंग,ऑन द स्पॉट पेंटिंग,पोस्टर मेकिंग,रंगोली,बेस्ट ऑउट ऑफ वेस्ट,कोलाज,डिबेट हिंदी(वाद विवाद), अंग्रेजी,एलोकेशन(भाषण), स्किट, सोलो डांस,ग्रुप डांस, संस्कृत श्लोकोच्चारण आदि में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तेजपाल ,सहायक प्रोफेसर एवं महाविद्यालय प्रभारी के निर्देशन तथा मैडम जहां नज़ीर ,विस्तार व्याख्याता उर्दू के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं की प्रथम तीन स्थान तक छात्राओं के चयन किया गया।

सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में राबिया बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा टीम ने प्रथम , बी ए तृतीय वर्ष की काजल,सोनिया टीम ने दूसरा और प्रियंका टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।एकल नृत्य में पूजा बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा ने हरियाणवी लोकगीत पर उम्दा प्रस्तुति दी।गीत/गजल/भजन में कु कुंती बी ए द्वितीय वर्ष,हिंदी और हरियाणवी कविता में कु सोनिया,बी ए तृतीय वर्ष ,क्ले मॉडलिंग में सावित्री बी ए द्वितीय,बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट,पोस्टर मेकिंग में हसीबा बी ए द्वितीय,रंगोली में धर्मवती द्वितीय वर्ष ने,हिंदी भाषण में क्रमश मनीषा और प्रियंका,संस्कृत श्लोकोच्चारण में काजल और प्रियंका,तृतीय वर्ष,

ऑन द स्पॉट पेंटिंग में प्रीति बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर संबंधित प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में रितेश कुमार सहायक प्रोफेसर एवं आबिद हुसैन विस्तार व्याख्याता वाणिज्य ने मंच संचालन कर क्विज मास्टर और निर्णायक मंडल के रूप में सराहनीय योगदान दिया।इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न कला और वाणिज्य विषय के प्रोफेसर अशोक कुमार, मनिंदर सिंह, अनिल कुमार, सरिता दहिया आदि सहायक प्रोफेसर, ने सराहनीय सहयोग किया।

कर्मचारियों ने फूंका सरकार पुतला

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । शहर के बाईपास पर स्थित खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में गत 13 अक्टूबर से चली आ रही ग्रामीण सफाई कर्मियों की मांगों को लेकर हडताल पूरी न होने पर बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला रोष प्रकट करते हुए फूका। कर्मियों ने जमकर नारेबाजी कर अपनी भडास निकाली। यह जानकारी ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक प्रधान सुनील कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा मांगे पूरे न करने के चलते अब फिर से हडताल 23 अक्टूबर तक बढा दी गई है। उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर तक भी उनकी मांगे सरकार ने नहीं मानी, तो प्रदेशभर के ग्रामीण सफाई कर्मचारी आगामी 26 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करेंगे। उन्होंने बताया कि आज गुरूवार को तावडू में पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली का पुतला फूका जाएगा। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कर्मचारियों ने कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का करने, सफाई कर्मचारियों का कल्याण और भत्ता देने आदि मांगे रखी गई।

कांग्रेस संगठन गठन को मजबूत बनाने के लिए की गई बैठक

तावडू । शहर के नूंह रोड पर स्थित पूर्व विधायक एवं कांग्रेसी नेता के कार्यालय पर बुधवार को पार्टी प्रभारी दीपक बावरिया के पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेसियों में भारी उत्साह देखने को मिला। शहीदा खान पूर्व विधायक की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश की टीमों में संगठन स्तर पर नए पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और सैक्टर अध्यक्ष बनाए जांएगे। पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया की देखरेख में संगठन गठन का कार्य तेजी से चल रहा है जो जल्द पूरा हो जाएगा। इस अवसर पर विनयपाल यादव, रमेश कौशिक, इलियास मैनेजर, समसु सरपंच मालहाका, खुर्शीद सरपंच, फज्जा चीला, असराक चहालका, समसु सूंध, अजरूदीन, सुभाष तनेजा, सतबीर पहलवान, सद्दाम बावला, हनीफ नानूका आदि मौजूद रहे।

खबर फटाफट

नियति पाठशाला के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

रेवाड़ी। सामाजिक संस्था नियति पाठशाला के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

संस्था के संस्थापक सुरेंद्र सिंह ने बताया की इस साल नियति पाठशाला को 6 वर्ष पूर्ण हो गए है। इस अवसर पर बच्चो द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। सीएमओ सुरेंद्र यादव ने समारोह में बतौर मुख्यातिथि की भूमिका निभाई एवं बच्चो को स्वस्थ जीवन शैली से अवगत करवाया। मंच संचालन कर रहे बबली चौहान ने नियति पाठशाला के 6 साल के सफर से सबको अवगत करवाया। ईश्वर व अन्य बच्चो द्वारा नृत्य, एक्ट व भाषण के माध्यम से कई सामाजिक मुद्दों पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि ने सभी मेधावी बच्चों व गणमान्य लोगों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। साइक्लिस्ट महेश ने बच्चो को व्यायाम से संबंधित जानकारियां दी। इस मौके पर राधे श्याम, रजनी, परम, ओमप्रकाश, राजबाला, सुमित्रा, कृपा जेमिनी, सुमन चौहान, कृपाल, सुनील चौहान आदि उपस्थित रहे।

नौकरी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश में कार्य करते हुए थाना शहर पुलिस ने एक महिला को नौकरी का झासा देकर उससे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव टुमना निवासी जयबीर सिंह पुत्र माडूराम के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि बिहार के एक गांव निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि वह जयपुर की एक कम्पनी में काम करती है। करीब 10-12 दिन पहले आरोपी ने उसे फोन करके उसे आश्वाशन दिया कि वह उसको कम्पनी में अच्छे पद पर नौकरी लगवा देगा तथा इस आश्वासन के तहत आरोपी ने उसे 16 अक्टूबर उसे बस स्टैंड रेवाड़ी बुलाया तथा उसे एक होटल पर लेकर गया। जहां आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। जिस पर थाना शहर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

चेक बाउंस मामले का उद्घोषित आरोपी दबोचा

रेवाड़ी। अपराध शाखा-1 रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने अदालत से उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव मोहदीनपुर निवासी कृष्ण कुमार पुत्र ब्रह्म सैन के रूप में हुई है। आरोपी काफी दिनों से चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। इसके पश्चात अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर में अलग से अभियोग धारा 174 ए आईपीसी के तहत भी अंकित किया गया था। इस मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

ऑनलाइन लोन अप्लाई करना पड़ा महंगा, खाते से साफ किए 1.42 लाख

रेवाड़ी। जिले के गांव चिराहड़ा में रहने वाले एक व्यक्ति को ऑनलाइन लोन अप्लाई करना भारी पढ़ गया। साइबर ठगों ने फाइल चार्ज के नाम पर लिंक भेज उसके खाते से 11 बार में 1.42 लाख रुपये की नकदी साफ कर दी। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार अलवर जिले के गांव टिगावड़ा निवासी सोमबीर बावल स्थित एक कंपनी में कार्य करता है तथा फिलहाल रेवाड़ी के गांव चिराहड़ा में रहता है। सोमबीर के अनुसार उसने कुछ दिन पूर्व धनी ऐप पर ऑनलाइन लोन के लिए अप्लाई किया था। जिसके कुछ दिन बाद उसके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने ऑनलाइन लोन अप्लाई करने की बात कहते हुए ऑनलाइन फाइल चार्ज अदा करने की बात कही। जिसके बाद कॉल करने वाले ठग ने सोमबीर के फोन पर एक लिंक भेज दिया। लिंक पर क्लिक करते हुए सोमबीर के खाते से 1550 रुपये कट गए। जिसके कुछ समय बाद ही सोमबीर के दो बैंक खातों से 11 बार में एक लाख 41 हजार 899 रुपये कट गए। बैंक का खाता खाली होने के बाद सोमबीर ने तुरंत ऑनलाइन बैंक के टोलफ्री नंबर पर कॉल की। इसके बाद बैंक से अपने खाते संबंधी जानकारी जुटाई। सोमबीर ने दोबारा आए हुए फोन नंबरों पर कॉल की तो वह स्वीच ऑफ मिला। जिस पर उसने तुरंत ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई तथा साइबर थाना पुलिस को भी शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के बाद शातिर ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

20 व 21 नवंबर को होगा युवा महोत्सव का आयोजन

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार द्वारा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के माध्यम से राज्य के प्रत्येक जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जएगा। जिला युवा महोत्सव का आयोजन 17 व 18 नवंबर तथा 20 व 21 नवंबर को किया जाएगा, जिसके लिए पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है।

डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला युवा महोत्सव विलुप्त होती लोक कला को संजोने का हरियाणा सरकार का बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि 17 व 18 नवंबर को जिला अंबाला, पंचकूला, कुरूक्षेत्र, यमुनानगर, करनाल, पानीपत, कैथल, हिसार, जींद, फतेहाबाद व सिरसा तथा 20 व 21 नवंबर को रेवाड़ी सहित फरीदाबाद, पलवल, नूंह, गुरूग्राम, महेंद्रगढ़, रोहतक, झज्जर, चरखी दादरी तथा भिवानी में जिला युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में 750 रुपए से लेकर 15000 रुपए तक के 48 नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए जिला युवा समन्वयक अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क किया जा सकता है। जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच तथा परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है।

नई अनाज मंडी में लीला से पूर्व जल बचाने की दिलाई गई शपथ

सीता स्वयंवर तथा लक्ष्मण-परशुराम के संवाद ने दर्शकों में भरा जोश

श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर, नई अनाज मंडी, रेलवे कालोनी तथा गांव बेरली कलां में किया गया रामलीलाओं का मंचन

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला के मंच पर बीती रात्रि राम व लक्ष्मण को विश्वामित्र द्वारा शिक्षा हेतू वन में ले जाने, ताडका वध, लक्ष्मण परशुराम संवाद व सीता स्वयंवर तक की लीला का मंचन किया गया। राजा जनक द्वारा भेजे गए सीता स्वयंवर के निमंत्रण पर श्री राम, लक्ष्मण को लेकर ऋषि विश्वामित्र, मिथिलापुरी जाते हैं। स्वयंवर में श्रीराम धनुष तोड़ देते हैं और सीता से विवाह रचाते हैं। रावण की स्वयंवर में उपस्थिति व परशुराम-लक्ष्मण संवाद लीला की विशेषता रहे । लीला का शुभारंभ मोहित वर्मा ने रिबन काटकर किया। मुख्य संरक्षक अशोक कुमार शर्मा व महेश पटवारी ने उनका स्वागत किया। सचिव यादके सुगंध ने बताया कि कर्ण, ललित, हिमांशु, रूपेश, सुभाष, अमित और विजय ने शानदार अभियान कर वाहवाही लूटी।

दूसरी ओर नई अनाज मंडी में श्री शिव रामलीला समिति द्वारा आयोजित लीला में तीसरे दिन लक्ष्मण-परशुराम संवाद व सीता स्वयंवर की लीला का मंचन किया गया। संस्था के महासचिव दीपक मंगला में बताया डॉ आत्म प्रकाश व डॉक्टर अंजू यादव ने मंचन का उद्घाटन किया। उनके साथ डॉक्टर देव प्रकाश, डॉक्टर शिवरतन यादव, आईएमए प्रधान डॉक्टर कंचन यादव, डॉक्टर रुचि यादव, डॉक्टर राजेश गोयल, रितु यादव, सुनील यादव, डॉक्टर सुमित यादव भी उपस्थित रहे। रामलीला देखने वालों को जल बचाने की शपथ दिलवाई गई। तनिस्का मंगला ने कविता पाठ किया। आशीष शर्मा, नवीन लखेर, निशांत सोनी, नकुल, मोहित, हर्ष, रक्षित, किशन वशिष्ठ, प्रकाश सैनी, अशोक मुदगल, बीडी अग्रवाल, गिरीश सिंगला, राजे रामपूरा, यशपाल शर्मा, नरेंद्र, नरेश वशिष्ठ, अनिल, राजेश, मनीष सैनी, पवन डाबला, नितिन चावरिया, विपिन अग्रवाल, राजेश वर्मा, मुकेश चावरिया व रोहित ने विभिन्न किरदार निभाएं। इस अवसर पर कपिल चंद शर्मा, डॉक्टर श्याम बिहारी, गिरीश गुप्ता, संजय चौहान, बाबूलाल शर्मा, विजय शर्मा, सतीश शर्मा, ज्ञानचंद गुप्ता, बनारसी दास, राजेश सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

वहीं, रेलवे कालोनी में श्री राम मंदिर रेलवे ड्रामेटिक क्लब की ओर से केके सक्सेना निर्देशन में चल रही लीला में बीती रात्रि डा. अशोक सैनी व डा. करतार सिंह यादव ने शुभारंभ किया। मंचन के दौरान गुरू विश्वामित्र राम व लक्ष्मन को पूजा हेतु पुष्प वाटिका से पुष्प लेने भेजते है। वहां सीता भी अपनी सखियों के साथ पार्वती के पूजन के लिए पहुंचती है। लेकिन प्रभु राम के दर्शन पाकर उन को नारद का वचन याद आता है। राजा जनक की ओर से आयोजित सीता स्वयंवर में प्रभु राम धनुष को उठाकर उस पर चीला चढ़ाते है लेकिन धनुष टूट जाता है। जिस पर परशुराम क्रोधित होते है तथा लक्ष्मन के साथ संवाद हो जाता है। रानी कैकेयी मंथरा की बातों में आकर कोप भवन में चली जाती है। डा. अंकूर, मोहित यादव, ब्रिजेश शर्मा, सागर, रामचरण, महेश कौशिक, मुकेश भारद्वाज, रोशन लाल, सतीश, जितेश, मेहर चन्द्र, दिवेश, निखिल रोहिल्या, रोहित, जितेश, लक्ष्य, अनुज शर्मा,नरेन्द्र गोयल, संजय सौनी व महेश कुमार ने अनेक किरदार निभाएं। उधर, गांव बेरली कलां में आजादी से पहले से चली आ रही सर छोटू राम रामलीला क्लब द्वारा आयोजित लीला में बीती रात्रि सीता स्वयंवर का आयोजन किया गया। लीला में विवाह का हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि मनीष चोपड़ा, जीतू, जयवीर यादव, गजेन्द्र, पियूष, जिले सिंह आदि ने विभिन्न किरदार निभाएं। पंडित अमित एवं अशोक ने सहयोग प्रदान किया।

भाजपा ने सरकार जनता के बीच की दूरी को किया खत्म

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बदली शासन व्यवस्था : सतीश खोला

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। विगत 9 वर्षों में हरियाणा की राजनीति की दिशा व दशा में बदलाव का पर्याय बन चुके मुख्यमंत्री मनोहर पिछले लगभग एक वर्ष से शासन व्यवस्था में नया बदलाव लेकर आए हैं। हर शनिवार को ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ने शासन की एक ऐसी लय तैयार की है जो पहले कभी नहीं देखी गई। हर सप्ताह प्रदेश में किसी न किसी एक वर्ग के साथ संवाद करने की मुख्यमंत्री की अनोखी पहल आज एक गेम.चेंजर बन गई है। अब तक लगातार 40 हफ्तों में 40 संवाद सत्रों के माध्यम से मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाखों लाभार्थियों से संवाद कर चुके हैं और उन्होंने सरकार व जनता के बीच की दूरी को लगभग समाप्त कर दिया है। करीब एक घंटे तक चलने वाले इस संवाद कार्यक्रम में हर ब्लॉक, तहसील और जिले के हर कोने से लाभार्थियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ सीधे बातचीत करने का सुनहरा अवसर प्रदान होता है। पहली बार जब इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई थीए तो अधिकतर लोगों के लिए यह व्यवस्था अविश्वसनीय थीए क्योंकि उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सीधे उनसे फोन पर बात करेंगे और उनका हाल.चाल जानेंगे। आज यह कार्यक्रम सुलभए पारदर्शी और उत्तरदायी शासन का प्रमाण बन गए हैं और ये संवाद आशा व परिवर्तन का प्रतीक बने हैं।

शासन की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना

ऑनलाइन संवाद का यह अनूठा कार्यक्रम न केवल प्रशासन और आम लोगों को करीब लाया हैए बल्कि पारदर्शी शासन की मुख्यमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया है। संवाद के दौरान नागरिकों द्वारा बताई गई भ्रष्टाचार की शिकायतेंए अधिकारियों द्वारा असभ्य तरीके से बातचीत करना या कई अन्य शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों के निलंबन और स्पष्टीकरण जैसे कड़े कदम उठाए हैं। इन सब से नागरिकों में एक विश्वास पैदा हुआ है कि अब उन्हें किसी भी कार्य के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

लोगों के लिए बना बेमिसाल मंच

सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम में ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री अब तक कई योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर चुके हैं। इनमें रोजगार मेलोंए एमएसएमई विभाग के साथ पंजीकृत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को चलाने वाले उद्यमियोंए नव स्थापित प्लेवे स्कूलों के छात्रों के अभिभावकोंए डॉ भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियोंए स्कूल प्रबंधन समितियों के सदस्यों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा शामिल है। यह कार्यक्रम केवल संवाद तक सीमित नहीं रह गया बल्कि लोगों के लिए बेमिसाल मंच बना गया है। इसकी सबसे खास बात यह है कि मुख्यमंत्री बड़े ही सहज तरीके से जनता से बात करते हैं और केवल विषय से संबंधित ही नहीं बल्कि वे नागरिकों से उनके रोजगारए पारिवारिक आयए स्वास्थ्य लाभ इत्यादि की जानकारी भी प्राप्त करते हैं। नागरिक भी बड़े ही संवेदनशीलता के साथ अपनी समस्या को मुख्यमंत्री को बताते हैं और मुख्यमंत्री तुरंत प्रभाव से तत्काल मदद पहुंचाते है।

यादगार पल, व्यक्तिगत जुड़ाव का एहसास

सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम ने लाभार्थियों को कई ऐसे यादगार पल प्रदान किए हैंए जिन्हें वे कभी नहीं भूल पाएंगे। कुछ ने तो मुख्यमंत्री को अपने घर पर भी आमंत्रित किया है। जब उनके पास फोन जाता है और मुख्यमंत्री बात करते हैं तो कई बार तो लोगों को एक पल के लिए विश्वास ही नहीं होता कि वे स्वयं मुख्यमंत्री से बात कर रहे हैं। यह संवाद कार्यक्रम कई निवासियों के लिए गेम.चेंजर रहा है। हाल ही में हुए संवाद कार्यक्रम में फरीदाबाद निवासी रंजीत कुमारए जिन्होंने मुख्यमंत्री से आर्थिक मदद की गुहार लगाई थीए उन्हें तुरंत 1 लाख रुपये की सहायता मिली। इस प्रकार के अनेकों उदाहरण पिछले 40 सप्ताहों में देखने को मिले हैं।

रसियावास मार्ग पर अवैध कालोनी पर चला डीटीपी का बुलडोजर

प्रोपर्टी डीलर के कार्यालय सहित छह डीपीसी व कच्चे रोड नेटवर्क को किया जमींदोज

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने जिले के कस्बा बावल के रसियावास रोड़ पर करीब दो एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी के निर्माण को पीले पंजे की सहायता से ध्वस्त कर दिया।

जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग के अनुसार जिला रेवाड़ी के कस्बा बावल में राजस्व संपदा रसियावास के तहत बावल-रसियावास मार्ग पर करीब दो एकड़ में अवैध कालोनी विकसित किए जाने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद विभाग की ओर से अवैध निर्माण करने वालों को चेतावनी भी दी गई, लेकिन अवैध कब्जाधारियों का कार्य लगातार जारी रहा। जिसके चलते जिला प्रशासन की ओर से अवैध निर्माण गिराने को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया।

बुधवार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के नेतृत्व में जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम पुलिस बल व जेसीबी के साथ मौके पर पहुंची। विभाग की टीम ने बावल के रसियावास मार्ग पर करीब दो एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में 6 डीपीसी व 1 प्रापर्टी डीलर के कार्यालय के साथ-साथ कच्चे रोड़ नेटवर्क को पीले पंजे की सहायता से उखाड़ फेंका। इसके अतिरिक्त नियमों की उल्लंघना करने वालो के विरूद्ध नियम अनुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी तथा जिला प्रशासन के सहयोग से अवैध निर्माणों पर तोडे ोड़ की कार्यवाही की जाएगी।

डीटीपी ने बताया कि नियन्त्रित क्षेत्र में कोई भी अवैध निर्माण न करे तथा प्लाट खरीदने से पहले इस कार्यालय से उस कालोनी की वैधता बारे सुनिश्चित करें ताकि विभागीय कार्यवाही एवं आर्थिक नुकसान से बचाव हो सके। किसी भी प्रकार का निर्माण करने से पहले सरकार के नियमानुसार अनुमति लेवें। अवैध कालोनी काटने वाले प्रोपर्टी डीलर आमजन को झूठे सब्जबाग दिखाकर खाली भूमि पर प्लाट बेच देते हैं। इससे सामान्य जनता को तब पता चलता है जब उस स्थल पर अवैध निर्माण शुरू करने पर कार्यवाही की जाती है। उस समय जिस व्यक्ति द्वारा वह प्लाट खरीदा गया है वह अपने आपको ठगा हुआ महसूस करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट न खरीदें ताकि आम जन की गाढी कमाई बेकार न जाए। कोई भी व्यक्ति प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारें जिला नगर योजनाकार, रेवाडी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को छानबीन कर सकता है।

जिला प्रभारी ने कोसली में बैठक लेकर जानी कार्यकर्ताओं की राय

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। कोसली विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की मीटिंग कोसली स्थित अशोका स्मारोह स्थल में जिला प्रभारी दीपक वैध की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में जिला प्रभारी ने संगठन को मजबूत बनाने तथा संगठन के गठन सहित विभिन्न मुद्दों पर कार्यकर्ताओं के साथ मश्वरा किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही जिला रेवाड़ी का एक मजबूत संगठन तैयार करते हुए पदाधिकारियों की नियुक्तियां की जाएगी। सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श करने के उपरांत ही पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। इस अवसर पर अहीरवाल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री जगदीश यादव विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के बारे में विचार करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड होते हैं। कार्यकर्ताओं की मजबूत फौज के दम पर ही किसी भी जंग को जीता जा सकता है। कोसली क्षेत्र में मजबूत एवं सशक्ति पदाधिकारियों के साथ बड़ा संगठन तैयार किया जा रहा है।

इंटरनेट पर गलती की ताक में बैठे रहते हैं साइबर ठग

साइबर थाना एचसी ने टीम सहित धारुहेड़ा स्थित कंपनी में प्रबंधन व कर्मचारियों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरुक

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी।पुलिस विभाग की ओर से चलाए जा रहे साइबर जागरुकता माह के तहत साइबर थाना के एचसी जितेन्द्र कुमार व उनकी टीम ने धारुहेड़ा की एमटेक कंपनी में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर कंपनी के मैनेजमेंट अधिकारियो व कर्मचारियों को साइबर अपराध व उनसे बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एचसी जितेंद्र कुमार ने बताया कि आज के इस तकनीकी दौर में मनुष्य ज्यादातर मोबाइल फोन, लैपटॉप व कम्प्यूटर आदि पर निर्भर है और यह डिवाइस इंटरनेट से जुडे हुई हैं। इनके माध्यम से मनुष्य का जीवन काफी आसान हो गया है। इनके माध्यम से मनुष्य अपने रोजमर्रा के कार्य जैसे बैंक से संबंधित कार्य, ऑनलाइन ऑफिस कार्य, नेट बैंकिंग, सोशल मीडिया आदि पर अपना कारोबार आदि कार्य घर बैठे ही बड़ी आसानी से कर लेता है। जिसके कारण व्यक्ति कई बार इंटरनेट पर गलती कर बैठता हैं। साइबर अपराधी इसी गलती के इंतजार में बैठे रहते हैं। मौका मिलते ही साइबर अपराधी बड़े ही शातिर तरीके से लोगों को मानसिक व आर्थिक तौर पर भारी क्षति पहुंचा देते हैं। उन्होंने बताया कि हमें इंटरनेट पर अपने कार्य करने के दौरान या इंटरनेट का उपयोग करते समय बड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। हमें अपने सोशल मीडिया खातों पर एक मजबूत पासवर्ड लगाकर खातों को सुरक्षित रखना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी अनजान व्यक्ति से संपर्क नहीं करना चाहिए। किसी अनजान लिंक पर क्लिक करके उसे ओपन नहीं करना चाहिए। किसी अनजान नम्बर से आने वाली फोन कॉल, वीडियो कॉल का उत्तर नहीं देना चाहिए और ना ही किसी अंजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट मंजूर करनी चाहिए। जब कोई व्यक्ति अपने आप को बैंक का अधिकारी या प्रतिनिधि बताकर आपसे आपकी व्यक्तिगत जानकारी जैसे बैंक खाता नम्बर, क्रेडिट-डेबिट कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी नंबर, ओटीपी, आधार कार्ड नंबर व पैन कार्ड नंबर आदि मांगता है, तो उस व्यक्ति के साथ उक्त जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो तुरंत नेशनल साइबर कंप्लेंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करें या पोर्टल पर आनलाईन शिकायत दर्ज करवाये। इसके अतिरिक्त साईबर अपराध थाना या नजदीक पुलिस स्टेशन में साइबर हेल्प डेस्क पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराकर साईबर अपराध के बारे में सहायता ली जा सकती है।

मुलाकात विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बिजली आपूर्ति बढ़ाने सहित क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर सीएम को सौंपे मांगपत्र

फसलों की बिजाई के लिए किसानों को मिलेगी अतिरिक्त बिजली : लक्ष्मण

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी।आगामी गेहूं, सरसो व जौ की फसल की बिजाई के मद्देनजर किसानों को अब अतिरिक्त बिजली मिलेगी। बिजली की सप्लाई बढ़ाने सहित कोसली विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल से मुलाकात की। विधायक के अनुरोध पर मुख्यमंत्री ने किसानहित में बिजली की सप्लाई आठ से बढ़ाकर दस घंटे करने के त्वरित आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए। विधायक ने विभिन्न विभागों से जुड़ी मांगों से संबंधित मांगपत्र भी मुख्यमंत्री को सौंपे।

कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बताया कि क्षेत्र में गेहूं, सरसो व जौ की बिजाई का समय है। ऐसे में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए, इसके लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल से मिलकर बिजली की आपूर्ति का समय बढ़ाने का अनुरोध किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को बिजली की आपूर्ति आठ से बढ़ाकर दस घंटे करने के आदेश दिए। सीएम के आदेश के बाद अब किसानों को आठ की बजाय दस घंटे बिजली मिलेगा, जिससे फसलों की बिजाई में दिक्कत नहीं आएगी।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा मुख्यमंत्री से कोसली विस क्षेत्र के गांव शहादतनगर में नवनिर्मित नर्सिंग कॉलेज का उद्घाटन कर कक्षाएं प्रारंभ करने का भी आग्रह किया। उन्होंने बताया कि पिछले कार्यकाल में मुख्यमंत्री ने स्वयं गांव शहादतनगर में नर्सिंग कॉलेज की घोषणा की ती। जिसके भवन का निर्माण भी लगभग पूरा हो चुका है। इसलिए इस कॉलेज का उद्घाटन कर शीघ्र ही कक्षाएं प्रारंभ की जाए, ताकि छात्र-छात्राएं इससे लाभान्वित हो सके। मुख्यमंत्री से कोसली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में फिरनी निर्माण कराने की भी मांग रखी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण दौरों के दौरान ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गांवों की फिरनी की हालत जर्जर है। जिनका निर्माण बीस से तीस वर्ष पूर्व हुआ था। जर्जर फिरनी के चलते ग्रामीण खासे परेशान है। इसलिए गांवों की फिरनियों का निर्माण कराया जाए। कोसली विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र के अनेकों गांवों के श्मशान घाट के भीतर विकास कार्य कराने की भी मांगे रखी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अनेकों गांवों के श्मशान घाट की चारदिवारी के निर्माण कार्य, टीनशैड कार्य तथा बैठने के आरसीसी बैंच की आवश्यकता है। जिनकी ग्रामीण लगातार मांग करते आ रहे हैं। इसलिए जहां-जहां भी आवश्यकता है, वहां इन कार्यों को पूरा कराया जाए।

कोसली विधायक ने जनस्वास्थ्य विभा से जुड़ी अतिरिक्त वाटर स्टोर टैंक का निर्माण कराने व गांवों में पानी की पाइप लाइन डलवाने संबंधी मांगपत्र भी सौंपा। विधायक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि क्षेत्र के गांव औलात, बव्वा, बेरली खुर्द, बटौडी, गुडियानी, हालुहेडा, झाडौदा, कोहारड, कुमरोधा, लुखी, मस्तापुर, मूंदी, पाल्हावास, रोझूवास, उष्मापुर तथा सुधराना में वाटर वर्क्स का नवीनीकरण कर अतिरिक्त वाटर स्टोर टैंक बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा गांव भोतवास भोंदू, बिहारीपुर, बोहका, बोडियाकमालपुर, डहीना, दखोरा, ढाणी ठेठरवाद, फतेहपुरी, गादला, जाटूसाना, करावरा मानकपुर, कतोपुरी बुजुर्ग, खुर्शीदनगर, कोहारड, लुखी, मुमताजपुर, मुरलीपुर, नांगल मूंदी, रतनथल, रोहड़ाई, रोझूवास, लाला, शहादतनगर सुर्खपुर, टहना दिपालपुर, टूमना, लिसान व कंवाली में पानी की पाइपलाइन डलवाने की अति आवश्यकता है। इसलिए इन दोनों कार्यों को भी इन गांवों में पूरा कराया जाए। कोसली विधायक ने रेवाड़ी पुलिस लाइन में जींद पुलिस लाइन की तर्ज पर खेल परिसर का निर्माण कराने को लेकर भी पत्र सौंपा। जिसमें बताया गया कि जींद पुलिस लाइन में खेल परिसर बनाया गया है. जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व बाहरी युवा खेलते व अभ्यास करते हैं। रेवाड़ी पुलिस लाइन का परिसर भी काफी लंबा-चौड़ा है। इसमें खेल परिसर के निर्माण से पुलिस लाइन की किसी भी गतिविधियों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पडेगा। पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी खेलो में रुचि लेने के साथ-सात स्वस्थ भी रहेंगे। इसलिए जनहित में पुलिस लाइन में खेल परिसर का निर्माण कराया जाए।

19 page 6_02.qxd 10/18/2023 9:55 PM Page 1

खबर फटाफट

एसडीएम ने दो कार्यालयों में की छापामारी, कारण बताओ नोटिस जारी

हांसी : एसडीएम मोहित महराणा ने बुधवार को बिजली तथा जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालयों में छापमारी की उन्होंने कार्यालय परिसरों की सफाई व्यवस्था व हाजिरी रजिस्टरों की जांच की। इस दौरान जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ गैर हाजिर पाए गए। अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन में स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल संग्रहण टैंक पर चढ़कर उसका निरीक्षण भी किया। व्यवस्था दुरुस्त नहीं मिलने पर अधिकारियों को फटकार किया। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पानी के सैंपल भरवाने की बात कही। एसडीएम ने बिजली विभाग कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद वहां बिजली बिल जमा करने आए बिजली उपभोक्ताओं से बातचीत भी की।

कब्जामुक्त कराई गई 55 एकड़ पंचायती जमीन

सिरसा: एसडीओ अंकुर की अगुवाई में गांव सादेवाला में प्रशासन ने 55 एकड़ पंचायती जमीन से कब्जा छुड़वाय। इस दौरान कुछ लोगों ने हाथापाई भी की, मगी उन्हें नियंत्रित किया गया। बता दें कि पंचायत की 55 एकड़ जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था। सीएम के जनसंवाद कार्यक्रम में यह मुद्दा उठाया गया था। सिरसा के डीसी के आदेश पर पंचायती जमीन से कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। ट्रैक्टर व जेसीबी चलाकर कार्रवाई शुरू की गई तो वहां मौजूद कुछ लोगों ने विरोध किया। पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। गांव की सरपंच शालू वर्मा ने बताया कि जमीन का कब्जा पंचायत को मिल गया है।

विधायक के आवास पर पड़ाव डालेंगी आशा वर्कर्स

अंबाला : पिछले 72 दिनों से आंदोलनरत आशा वर्कर्स आज ऐलान किया है कि वे भाजपा विधायक असीम गोयल के आवास पर महापड़ाव डालेंगी। बताया गया कि वे पॉलिटेक्निक चौक से रोष मार्च निकालती हुई विधायक के आवास पर पहुंचेगी। उसके बाद 24 घंटे के लिए धरना देंगी।आशा वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव सर्वजीत कौर ने कहा कि आशा वर्कर्स अपनी मांगों के लिए शांतिपूर्ण तरीके से 8 अगस्त से हड़ताल कर रही हैं, लेकिन अभी तक मांगों की कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रति माह 26 हजार रुपए वेतन हो, कर्मचारी का दर्जा देने, सेवानिवृत्ति पर पेंशन, ग्रेच्युटी व भविष्य निधि फंड देने की मांग कर रही हैं।

निकाय मंत्री का घर घेरने जा रही थीं, पुलिस से हुआ टकराव

हिसार : बुधवार को मधुबन पार्क में जिले भर की आशा वर्कर्स एकत्र हुई। फिर वे उन्होंने प्रदर्शन करते हुए निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के आवास को घेरने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। नाराज हो कर आशा वर्कर्स ने बैरिकेड्स तोड़ने का प्रयास किया। मंत्री के आवास से 100 मीटर दूर ही पुलिस ने आशा वर्कर्स को रोक दिया। आशा वर्कर्स निकाय मंत्री के आवास पर 24 घंटे का पड़ाव डालने गई थीं।इस बारे में सीटू जिला अध्यक्ष सचिन मनोज सोनी ने बताया कि सरकार के साथ बैठक में कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने पर वर्कर्स ने 23 अक्टूबर तक हड़ताल को बढ़ा दिया है। आज यहां निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के आवास पर 24 घंटे का पड़ाव डाला गया है।

मुर्गी फॉर्म में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़

करनाल : सीएम फ्लाइंग की टीम ने ऊंचा समाना कुटेल रोड स्थित एक मुर्गी फॉर्म में छापा मार कर अवैध पटाखा का पर्दाफाश किया है। छापे के दौरान टीम को मौके पर कोई सुरक्षा उपकरण नहीं मिले और न ही कोई लाइसेंस। पटाखे और बारूद समेत अन्य सामान को कब्जे में लिया गया है। गौरतलब हैकि सीएम फ्लाइंग पहले भी अवैध पटाखा फैक्ट्री में छापेमारी कर चुकी है। कुछ दिन पहले भी बांसा गांव स्थित अवैध पटाखा फैक्ट्री में इस टीम ने छापा मारा था। यहां से भारी मात्रा में पटाखे और बारूद बरामद किया गया था। बताया गया कि आरोपी ने इस गोदाम को किराए पर लिया था। इस गोदाम में पटाखे बनाने का काम किया जा रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी के पास पटाखे बनाने का लाइसेंस नहीं था।

बाइक पर सवार दो युवकों से हेरोइन बरामद

सिरसा: एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने डंग थाना क्षेत्र के गांव भावदीन में दो युवकों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एएनसी एएसआई रामफल के नेतृत्व में एक टीम बीती रात्रि गिश्त पर थी। जब युवक को रुकने का इशारा किया तो उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन उसकी बाइक बंद हो गई। पाया गया कि बाइक के आगे व पीछे दोनों ही साइड नंबर प्लेट ही नहीं थी। एएनसी टीम ने मौके पर राजपत्रित अधिकारी को बुलाकर आरोपितों की संदेह के आधार पर तलाशी ली जिस पर आरोपित बाइक चालक राहुल की जींस पेंट की दाहिनी जेब एक पारदर्शी पन्नी में हेरोइन बरामद हुई।

कुरुक्षेत्र पहुंचा भगत नामदेव घुमान यात्रा का शिष्टमंडल

कुरुक्षेत्र : महाराष्ट्र स्थित हजूर साहिब नन्देंड से नानक साईं फाउंडेशन के एमडी पंधेरी नाथ बोकारे अपने शिष्टमंडल के साथ कुरुक्षेत्र पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि नौवीं भगत नामदेव घुमान यात्रा 24 नवंबर चलेगी यह तीन दिसंबर तक पूरी होगी। इस यात्रा में 305 यात्रियों का जत्था शामिल होगा। कुरुक्षेत्र में यह यात्रा 25 नवंबर को पहुंचेगी, जिसकी तैयारियों को लेकर शिष्टमंडल ने विस्तार से चर्चा की। शिष्टमंडल में श्रेय बोकारे व श्री निवासन भी शामिल रहे।

फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष सरदार तेजेंद्र सिंह मक्कड़ ने बताया कि बोकारे हर साल की तरह 753 वीं भगत नामदेव जी जन्म शताब्दी और गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व मनाने हरियाणा पंजाब की संस्कृति कल्चर और ऐतिहासिक स्थानों के दर्शन कराने और महाराष्ट्र, हरियाणा वे पंजाब में आपसी एकता सौहार्द को बडाना घुमान यात्रा का उदेश्य है। इस बार 305 यात्रियों का जत्था 23 नवंबर से तीन दिसंबर को आ रहा है। गुरुद्वारा नीलधारी पिपली साहिब, गुरुद्वारा छठी पातशाही, हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी, माता भद्रकाली मंदिर आदि के प्रबंधकों ने यात्रियों के आवागमन पर पूरा सहयोग का आश्वासन दिया दिया तो वहीं शिष्टमंडल का सम्मान भी किया।

सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम बनी एक अनोखी पहल

मनोहर लाल ने की सरकार और जनता के बीच की दूरी खत्म

किसी न किसी एक वर्ग के साथ संवाद करने की मुख्यमंत्री की अनोखी पहल आज एक गेम-चेंजर बन गई है

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा की राजनीति की दिशा व दशा में बदलाव का पर्याय बन चुके मुख्यमंत्री मनोहर पिछले लगभग एक वर्ष से शासन व्यवस्था में नया बदलाव लेकर आए हैं। उन्होंने हर शनिवार को ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत शासन की एक ऐसी लय तैयार की है जो पहले कभी नहीं देखी गई।

हर सप्ताह प्रदेश में किसी न किसी एक वर्ग के साथ संवाद करने की मुख्यमंत्री की अनोखी पहल आज एक गेम-चेंजर बन गई है। अब तक लगातार 40 हफ्तों में 40 संवाद सत्रों के माध्यम से मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाखों लाभार्थियों से संवाद कर चुके हैं और उन्होंने सरकार व जनता के बीच की दूरी को लगभग समाप्त कर दिया है।

शासन की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना

ऑनलाइन संवाद का यह अनूठा कार्यक्रम न केवल प्रशासन और आम लोगों को करीब लाया है, बल्कि पारदर्शी शासन की मुख्यमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया है। संवाद के दौरान नागरिकों द्वारा बताई गई भ्रष्टाचार की शिकायतें, अधिकारियों द्वारा असभ्य तरीके से बातचीत करना या कई अन्य शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों के निलंबन और स्पष्टीकरण जैसे कड़े कदम उठाए हैं। इन सब से नागरिकों में एक विश्वास पैदा हुआ है कि अब उन्हें किसी भी कार्य के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम ने लाभार्थियों को कई ऐसे यादगार पल प्रदान किए हैं, जिन्हें वे कभी नहीं भूल पाएंगे। कुछ ने तो मुख्यमंत्री को अपने घर पर भी आमंत्रित किया है। जब उनके पास फोन जाता है और मुख्यमंत्री बात करते हैं तो कई बार तो लोगों को एक पल के लिए विश्वास ही नहीं होता कि वे स्वयं मुख्यमंत्री से बात कर रहे हैं। यह संवाद कार्यक्रम कई निवासियों के लिए गेम-चेंजर रहा है। हाल ही में हुए संवाद कार्यक्रम में फरीदाबाद निवासी रंजीत कुमार, जिन्होंने मुख्यमंत्री से आर्थिक मदद की गुहार लगाई थी, उन्हें तुरंत 1 लाख रुपये की सहायता मिली। इस प्रकार के अनेकों उदाहरण पिछले 40 सप्ताहों में देखने को मिले हैं।

मिलता है सीएम से सीधी बात का अवसर

करीब एक घंटे तक चलने वाले इस संवाद कार्यक्रम में हर ब्लॉक, तहसील और जिले के हर कोने से लाभार्थियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ सीधे बातचीत करने का सुनहरा अवसर प्रदान होता है। पहली बार जब इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी, तो अधिकतर लोगों के लिए यह व्यवस्था अविश्वसनीय थी, क्योंकि उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सीधे उनसे फोन पर बात करेंगे और उनका हाल-चाल जानेंगे। आज यह कार्यक्रम सुलभ, पारदर्शी और उत्तरदायी शासन का प्रमाण बन गए हैं और ये संवाद आशा व परिवर्तन का प्रतीक बने हैं।

लोगों के लिए बना बेमिसाल मंच

सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम में ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री अब तक कई योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर चुके हैं। इनमें रोज़गार मेलों, एमएसएमई विभाग के साथ पंजीकृत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को चलाने वाले उद्यमियों, नव स्थापित प्लेवे स्कूलों के छात्रों के अभिभावकों, डॉ भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों, स्कूल प्रबंधन समितियों के सदस्यों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा शामिल है। बता दें कि यह कार्यक्रम केवल संवाद तक सीमित नहीं रह गया बल्कि लोगों के लिए बेमिसाल मंच बना गया है। इसकी सबसे खास बात यह है कि मुख्यमंत्री बड़े ही सहज तरीके से जनता से बात करते हैं और केवल विषय से संबंधित ही नहीं बल्कि वे नागरिकों से उनके रोजगार, पारिवारिक आय, स्वास्थ्य लाभ इत्यादि की जानकारी भी प्राप्त करते हैं। नागरिक भी बड़े ही संवेदनशीलता के साथ अपनी समस्या को मुख्यमंत्री को बताते हैं और मुख्यमंत्री तुरंत प्रभाव से तत्काल मदद पहुंचाते हैं।

रोहतक पीजीआई में बच्चों की एंडोस्कोपी-कोलोनोस्कोपी की सुविधा शुरू

प्राइवेट अस्पताल में यह होती है महंगी,लेकिन पीजीआई में मुफ्त होगा यह टेस्ट

भरोसा मित्र

रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी के लिए आने वाले छोटे बच्चों के लिए राहत भरी खबर है। अब छोटे बच्चों को एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी करने के लिए बड़े शहरों या बाहर महंगे प्राइवेट अस्पतालों में एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी करवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

पीजीआईके गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में ही उनकी मुफ्त एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी हो सकेगी। विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने बताया कि गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग लाल श्यामलाल बिल्डिंग में स्थापित है। छोटे बच्चों की एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी बड़ों के मुकाबले काफी कठिन होती है, क्योंकि छोटे बच्चों के खाने की पाइप, पेट और अंतड़ियां काफी नाजुक और छोटी होती हैं। इसलिए इनकी एंडोस्कोपी की पाइप भी पतली होती है।

डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने बताया कि बच्चों की एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी की सुविधा चुनिंदा केंद्रों में उपलब्ध होती है। प्राइवेट अस्पताल में यह काफी महंगी होती है, लेकिनइस पीजीआई में यह सुविधा हरियाणा सरकार द्वारा मुफ्त उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने बताया कि बच्चों में एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी की जरूरत फॉरेन बॉडी निकालने, बायोप्सी लेने, खून की नसों को छल्ले लगाने व टीका लगाने में महत्वपूर्ण योगदान है।

37000 मरीजों की मुफ्त जांच हो चुकी है

डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में अभी तक करीब 37000 मरीजों की मुफ्त जांच बगैर किसी वेटिंग के की जा चुकी है और इसके लिए विभाग में 20 सदस्य टीम 24 घंटे मरीजों की सेवा में तत्पर है।

एयरहोस्टेस गीतिका शर्मा की मां द्वारा आत्महत्या करने का मामला

दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगाया ट्रायल कोर्ट का रिकॉर्ड

पूर्व मंत्री गोपाल कांडा की मुश्किलें बढ़ने की आशंका

भरोसा मित्र

पंचकूला। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अनुराधा शर्मा को आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित गोपाल कांडा के मामले में ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को मंगाया है। बता दें कि अगस्त 2012 में गीतिका शर्मा की आत्महत्या के छह महीने बाद उनकी मां अनुराधा शर्मा कर रहस्यमय परिस्थिसतियों में मृत्यु हो गई थी। यह आदेश अतिरिक्त लोक अभियोजक अमित साहनी के माध्यम से राज्य द्वारा दायर एक आवेदन पर पारित किया गया था। इससे हरियाणा के पूर्व गृह राज्यमंत्री और सिरसा से विधायक गोपाल कांडा की मुश्किलें बढ़ने की आशंका है।

बता दें कि राज्य ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के फैसले को चुनौती दी थी, जिसने हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल कांडा और उनकी सहयोगी अरुणा चड्ढा को समन करने वाले मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को रद्द कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी। इस रिपोर्ट को मजिस्ट्रेट अदालत ने खारिज कर दिया था। साथ ही, आईपीसी की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और धारा 34 (सामान्य इरादा) का संज्ञान लिया और आरोपियों को तलब किया था।

अनुराधा शर्मा ने अगस्त 2012 में आत्महत्या कर ली थी, जबकि उनकी बेटी एयर होस्टेस गीतिका शर्मा ने इससे 6 माह पहले आत्महत्या की थी।गोपाल कांडा गीतिका के मामले में जुलाई में इस मामले में बरी हुए थे।

अगस्त 2023 में न्यह मामलायायमूर्ति डीके शर्मा के समक्ष आया था। उन्होंने मामले को 30-10-2023 को सुनवाई के लिए पोस्ट किया था। अतिरिक्त लोक अभियोजक अमित साहनी ने ट्रायल कोर्ट रिकॉर्ड को तलब करने के लिए राज्य की ओर से एक आवेदन दायर किया गया है।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 12 अक्टूबर, 2023 को राज्य की ओर से आवेदन स्वीकार कर लिया और निर्देश दिया कि डिजिटल रूप में ट्रायल कोर्ट रिकॉर्ड को 31 अक्टूबर के लिए पहले से तय तारीख के लिए तलब किया जाए।

राज्य के 28 शहरी निकायों में चुनाव को लेकर सरकार गंभीर

24 निकायों की वार्डबंदी का काम पूरा होने का दावा, 19 की रिपोर्ट राज्य चुनाव आयोग को भेजी

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद नगर निगम तथा सिरसा, थानेसर व अंबाला सदर नगर परिषद समेत 28 शहरी निकायों में चुनाव कराने को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर हो गई है। प्रदेश सरकार ने शहरी निकाय अधिकारियों को अपने-अपने निकाय क्षेत्र में वार्डबंदी का काम जल्दी पूरा करने तथा पिछड़ा वर्ग (बीसी) ए के आरक्षण को लागू कर रिपोर्ट सरकार को भेजने के आदेश जारी किए हैं। राज्य चुनाव आयोग शहरी निकायों की वार्डबंदी पूरी नहीं होने और बीसी-ए के आरक्षण की व्यवस्था लागू नहीं हो पाने की वजह से चुनाव नहीं करा पा रहा है।

सरकार का लक्ष्य अगले दो से तीन सप्ताह के भीतर सभी शहरी निकायों की वार्डबंदी व आरक्षण लागू करने का काम पूरा कर राज्य चुनाव आयोग के पास अपनी सिफारिश भेज देने का है। इसके बाद नवंबर माह के पहले या दूसरे सप्ताह में राज्य चुनाव आयोग की ओर से शहरी निकाय चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया जा सकता है। देश में अगले साल फरवरी-मार्च में लोकसभा चुनाव हैं, जबकि राज्य में अगले साल ही अक्टूबर में विधानसभा चुनाव हैं। इसलिए सरकार चाहती है कि लोकसभा चुनाव से पहले शहरी निकायों के चुनाव करा लिए जाएं। प्रदेश में पंचायत चुनाव भीदो साल की देरी से हुई थे, क्योंकि सरका ने इन पंचायत चुनाव में बीसी-ए के लिए आठ प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की थी। महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान है।

राज्य के शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता के अनुसार 28 शहरी निकायों में से 24 की वार्डबंदी का काम पूरा किया जा चुका है। इन 24 शहरी निकायों में से भी 19 की रिपोर्ट राज्य चुनाव आयोग के पास भेजी जा चुकी है। पंचायतों की तर्ज पर शहरी निकाय चुनाव में बीसी-ए को आरक्षण देने के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशों का अनुपालन सख्ती से तथा समय से करने के निर्देश शहरी निकाय अधिकारियों को दिए गए हैं। इस पर काम चल रहा है। हमें उम्मीद है कि अगले दो से तीन सप्ताह के भीतर वार्डबंदी के साथ ही आरक्षण का काम पूरा हो जाएगा, जिसके बाद रिपोर्ट राज्य चुनाव आयोग को भेज दी जाएगी और आयोग चुनाव कराने की अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह समय से कर सकेगा।

शहरी निकायों में पिछड़ा व एससी वर्ग के आरक्षण की व्यवस्था

मानेसर हरियाणा का 11वां नगर निगम है। भाजपा सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में सोनीपत और दूसरे में मानेसर को नगर निगम बनाया है। फरीदाबाद नगर निगम पूर्व सीएम स्व. भजनलाल के समय बना था। गुरुग्राम निगम पूर्व की हुड्डा सरकार ने बनाया था। हुड्डा सरकार में ही सात और नये निगम अंबाला, यमुनानगर, पंचकूला, करनाल, पानीपत, रोहतक व हिसार बने थे। हालांकि अंबाला नगर निगम टूटकर अब नगर परिषद बन चुके हैं। तीन नगर निगमों को यदि छोड़ दें तो प्रदेश में 22 नगर पालिकाओं और तीन नगर परिषदों के चुनाव में 46 सीटें पिछड़ा वर्ग-ए के लिए आरक्षित होंगी। ऐसी कोई नगर पालिका या नगर परिषद नहीं है, जहां कोई ना कोई एक वार्ड पिछड़ा वर्ग-ए के लिए आरक्षित ना हो। अंबाला सदर नगर परिषद, कुरुक्षेत्र की थानेसर नगर परिषद और सिरसा नगर परिषद के साथ ही करनाल की इंद्री नगर पालिका में सर्वाधिक तीन-तीन वार्ड पिछड़ा वर्ग-ए के लिए आरक्षित हैं। पिछड़ा वर्ग-ए के लिए आरक्षण को परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) द्वारा जुटाए गए पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के आंकड़े को आधार बनाया गया है। अनुसूचित जाति वर्ग को वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर सीटें दी गई हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए कुल 108 वार्ड आरक्षित किए जाने हैं। प्रत्येक नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका में पार्षद का कम से कम एक पद पिछड़ा वर्ग-ए के लिए आरक्षित होगा।

प्रदेश में शुरू हो चुकी है ट्रीटेड वेस्ट वॉटर पॉलिसी

सिंचाई एवं जल संरक्षण विभाग ने 500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से परियोजना की तैयार

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा में वर्तमान और भविष्य की पानी की जरूरतों की पूर्ति के लिए जल की उपलब्धता व मांग को पूरा करने के लिए मनोहर सरकार बेहद गंभीर है। इस दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने तेजी से घटते जल संसाधनों को ध्यान में रखते हुए उपचारित अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग नीति को अधिसूचित किया। इसके तहत सीवरेज के पानी को शुद्ध करके इसकी एक-एक बूंद का उपयोग थर्मल प्लांट, उद्योग, निर्माण, बागवानी और सिंचाई उद्देश्यों आदि में विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सिंचाई एवं जल संरक्षण विभाग ने 500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की परियोजना तैयार की है। पहले चरण में 339.50 एमएलडी की क्षमता वाले 27 एसटीपी को कवर करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, तीन एसटीपी प्लांट जिसमें लाडवा में 7 एमएलडी, पिहोवा में 8 एमएलडी, और शाहबाद में 11.50 एमलडी के लिए सीवर के शोधित पानी का सिंचाई व कृषि उद्देश्य के लिए उपयोग किया जा रहा है।

उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग करने के लिए योजना

ट्रीटेड वेस्ट वाटर के प्रभावी उपयोग के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, शहरी स्थानीय निकाय, सिंचाई एवं जल संसाधन और एचएसआईआईडीसी द्वारा बनाई गई संपतियों को पूल करने के लिए एक संयुक्त रणनीति विकसित की गई है। वर्तमान में इन विभागों द्वारा 176 एसटीपी / सीईटीपी बनाए गए हैं, जो 2104.30 एमएलडी गंदे पानी का उपचार करने में सक्षम हैं, जिसमें से 1429.38 एमएलडी उत्पन्न हो रहा है। वर्तमान में 199.24 एमएलडी शोधित पानी का उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा, मार्च 2025 तक 975.12 (उत्पन्न ट्रीटेड वेस्ट वाटर का 56.69 प्रतिशत) एमएलडी उपचारित अपशिष्ट जल और दिसंबर 2028 तक 1100.84 एमएलडी का उपयोग करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई है। हालांकि, दिसंबर, 2028 तक शोधित जल का शत-प्रतिशत उपयोग सिंचाई व अन्य कार्यों के लिए करने का लक्ष्य है।

गांवों में प्रति व्यक्ति 35 लीटर प्रतिदिन पेयजल की आपूर्ति

महाग्राम योजना के अन्तर्गत 30 बड़े गांवों में 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन तक पेयजल आपूर्ति के लिए पेयजल स्त्रोतों में बढ़ौतरी तथा इतने ही गांवों में मल निकासी सीवरेज सुविधाएं भी प्रदान करने के लिए कार्य प्रारम्भ किए गए हैं। गांव सौतई (जिला फरीदाबाद) नहारपुर (जिला गुरूग्राम), सरस्वती नगर (जिला यमुनानगर), क्योड़क, पाई (कैथल), सिवाह (पानीपत), काछ्वा (करनाल) व खानपुर कलां (सोनीपत) में महाग्राम योजना की परियोजना चालू कर दी गई है।

माता के दर्शन के लिए तीन मंत्री पहुंचे पंचकूला

भरोसा मित्र

पंचकूला। बुधवार को राज्य के तीन मंत्री यहां मनसा देवी मंदिर में माता की शरण में पहुंचे। इनमें शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने मंदिर में माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कालका के काली मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने भी माता मनसा देवी मंदिर पहुंचकर महामायी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि उन्होंने माता के चरणों में प्रार्थना की है कि प्रदेशवासियों पर अपनी छत्रछाया बनाए रखें। प्रदेश के लोग आपस में भाईचारा और एकता के साथ समाज में रहकर समरसता का रस घोलें और हरियाणा के विकास में अपना बढ़-चढ़कर योगदान दें। माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक बंसल ने मंत्री गुप्ता को मां मनसा देवी की मूर्ति भेंट की।

काली माता मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए कामना की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता राज्यमंत्री को सिरोपा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

पीजीटी की 8 कैटेगरी का परिणाम घोषित,430 हुए पास

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ने पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी) की 8 कैटेगरी का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसके लिए फिजिकल एजुकेशन के 680 पदों के लिए सब्जेक्टिव पेपर आयोजित किया था। एचपीएससी ने इंटरव्यू के लिए सफल अभ्यर्थियों के रोल नंबर जारी कर दिए हैं। साक्षात्कार की तिथि की घोषण अभी नहीं की गई है।

शेष हरियाणा कैडर के फिजिकल एजुकेशन और म्यूजिक पीजीटी शिक्षकों के सभी पद भरे नहीं जा सकेंगे, इसलिए कुछ पद खाली रह जाएंगे। इसकी वजह यह भी है कि सब्जेक्टिव पेपर में कुल पदों की अपेक्षा कम ही अभ्यर्थियों ने पेपर दिया था, जबकि कुछ अभ्यर्थियों के न्यूनतम से भी कम नंबर हैं। 430 ही पास कर पाए पेपर फिजिकल एजुकेशन के 680 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। इन पदों के लिए 563 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से मात्र 494 अभ्यर्थियों ने ही पेपर दिया। इनमें से 430 अभ्यर्थी ऐसे निकले हैं जो सब्जेक्टिव पेपर में पास हो पाए हैं। अब इनका इंटरव्यू होना है।

मेवात कैडर में 111 का हुआ चयन: पीजीटी के लिए मेवात कैडर में 45 पद हैं। इनके लिए 253 में से 228 ने ही सब्जेक्टिव पेपर दिया था। इनमें से 45 पदों के लिए 111 कैंडिडेट इंटरव्यू के लिए चयनित हुए हैं।

परीक्षा — नई व्यवस्था से राहत भी दी गई और सुरक्षा की गई कड़ी

परीक्षार्थी मनपसंद जिले से दे सकेगा एचटेट

प्रश्न पत्र में भी क्यूआर कोड, अल्फा नेमरिक और हिडन फीचर सिक्योरिटी का प्रयोग किए जाने का निर्णय लिया

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। राज्य में परीक्षार्थी एचटेट मनचाहे जिले से दे सकेगा। बता दें कि एचटेट वैसे तो गृह जिलों में ही कराई जाएगी, मगर कोई विद्यार्थी गृह जिले को छोड़ दूसरे जिले में परीक्षा देने का इच्छुक है तो उसे वहां से परीक्षा दिलाई जाएगी। दूसरे राज्यों से भी करीब 10 फीसदी परीक्षार्थी एचटेट परीक्षा में भाग्य आजमा सकते हैं।

अध्यापक पात्रता परीक्षा में भी पहली बार क्यूआर कोड, अल्फा नेमरिक और हिडन फीचर का फार्मूला प्रश्नपत्र की सुरक्षा को मजबूत करेगा। इससे पहले हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में ये फार्मूला इस्तेमाल किया था, जिसकी सफलता के बाद इसे अब एचटेट में भी लागू करने का निर्णय लिया है।

अब किसी भी जिले का परीक्षार्थी एचटेट मनचाहे जिले से दे सकेगा। हालांकि एचटेट गृह जिलों में ही कराई जाएगी। मगर कोई विद्यार्थी गृह जिले को छोड़ दूसरे जिले में परीक्षा देने का इच्छुक है तो उसे वहां से परीक्षा दिलाई जाएगी। दूसरे राज्यों से भी करीब 10 फीसदी परीक्षार्थी एचटेट परीक्षा में भाग्य आजमा सकते हैं। जबकि पिछले साल करीब सात फीसदी परीक्षार्थी दूसरे राज्यों से थे। परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र आउट होने की सुरत में बोर्ड मुख्यालय की स्पेशल टीम तुरंत हरकत में आएगी।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 2021 में हुई एचटेट में एक लाख 87 हजार परीक्षार्थी थे, जबकि 2022 की एचटेट में तीन लाख पांच हजार 718 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस बार की एचटेट में करीब साढ़े तीन लाख परीक्षार्थियों के शामिल होने का अनुमान है। इसमें करीब दस फीसदी तो दूसरे राज्यों के परीक्षार्थी शामिल हो सकते हैं। एचटेट के संचालन को लेकर हाई सिक्योरिटी कैमरे और जैमर परीक्षा केंद्रों पर लगाने के लिए शिक्षा बोर्ड मुख्यालय ने टेंडर कराए हैं। ये संबंधित कंपनियां ही परीक्षा केंद्रों के अंदर और बाहर सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और परीक्षा में बाहरी हस्तक्षेप रोकने के लिए जैमर लगाएंगे। प्रत्येक जिला मुख्यालय पर परीक्षा केंद्र बनेंगे।

तीन सत्र में 2 और 3 दिसंबर को होगी परीक्षा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड 2 दिसंबर सुबह लेबल-2 जबकि 3 दिसंबर की सुबह लेवल-2 और शाम को लेवल-1 की परीक्षा कराएगा। एचटेट में जो प्रश्नपत्र परीक्षार्थियों को मिलेगा उसमें क्यूआर कोड के इस्तेमाल के साथ अल्फा नेमरिक और हिडन फीचर भी शामिल किए जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न पत्र को क्यूआर कोड से तुरंत पहचानना संभव होगा। अगर कोई प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र से बाहर आउट होता है तो तुरंत उसका पता बोर्ड मुख्यालय की टीम को लग जाएगा। इसके बाद उस परीक्षा केंद्र में बैठे उस परीक्षार्थी तक टीम तुरंत पहुंचेगी।

क्या कहते हैं बोर्ड के अध्यक्ष

शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव, अध्यक्ष ने इसकी पुष्टि बरते हुए बताया कि इस बार दसवीं बारहवीं के बाद हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के प्रश्न पत्र में भी क्यूआर कोड, अल्फा नेमरिक और हिडन फीचर सिक्योरिटी का प्रयोग किए जाने का निर्णय लिया है। एचटेट में प्रत्येक प्रश्न पत्र को क्यूआर कोड से सुरक्षित किया जाएगा। यह सुरक्षा की दिशा में अहम कदम साबित होगा उन्होंने बताया कि इससे एचटेट में पेपर आउट होने जैसी घटनाओं पर विराम लगेगा। कोई भी परीक्षार्थी कहीं से भी परीक्षा दे सकता है।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।

खबर फटाफट

श्री आदर्श रामलीला के मंच पर मारीच व ताड़का वध का हुआ मंचन

भोजावास । भोजावास में चल रही रामलीला मंचन के कार्यक्रम में राम जन्म से जनकपुरी बाजार तक के प्रसंग का मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने शानदार अभिनय करते हुए लोगों का मनोरंजन भी किया। पिछले 4 दिन से चल रही रामलीला में प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंग के संदर्भ में भगवान श्री राम और उनके बाल्यकाल से जुड़े कार्यक्रमों का भी मंचन किया गया। इस दौरान सुबाहू मारिच और ताडे ा वध का अभिनय का मंचन हुआ। श्री आदर्श रामलीला क्लब द्वारा आयोजित इस रामलीला मंचन के कार्यक्रम में सुनील रोहिल्ला राम का किरदार निभा रहे हैं लक्ष्मण का किरदार बिरेंद्र शर्मा भरत बने सुनील कौशिक शत्रुघ्न पुनीत रोहिल्ला मारिच का अभिनय जितेंद्र रोहिला ने किया तो वही तडे ा के रूप में अभिषेक सोनी के अभिनय से लोग काफी प्रभावित हुए। राम जन्म से लेकर जनक दरबार तक के कार्यक्रमों का अभिनय किया गया। प्रवीण शर्मा मंत्री का रोल करके बच्चों का मनोरंजन भरपूर मनोरंजन किया। इस दौरान श्री आदर्श रामलीला के प्रधान बाबूलाल रोहिल्ला तथा क्लब संरक्षक रूनी राम रोहिल्ला मुख्य रूप से मौजूद रहे।
श्री आदर्श रामलीला क्लब के इस मौके पर पूर्व सरपंच पवन तंवर, उमेद जांगड़ा, लालाराम भांजा, शीशराम रोहिल्ला, नवीन रोहिल्ला, पुनीत रोहिल्ला, विपिन गुप्ता, नीरज तंवर, नीरज गोयल, रविंद्र कौशिक, धर्मेंद्र कौशिक कथावाचक सत्य प्रकाश मास्टर आदि कलाकार व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कुएं की मोटर चलाते समय करंट लगने से किसान की मौत

नारनौल। गांव सरेली में एक किसान की कुआं की मोटर चलाते समय करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का नारनौल के नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। मृतक की उम्र करीब 50 साल है तथा वह अपने पीछे एक पुत्र व पुत्री को छोड़ गया। उसके पुत्र व पुत्री दोनों ही अविवाहित बताए जा रहे हैं। गांव सतेली निवासी विजय सिंह आज सुबह अपने खेत पर गया हुआ था। वह खेत में पानी देने के लिए कुआ की मोटर चलाने लगा तो अचानक उसको करंट लग गया। करंट लगने पर वह बुरी तरह घायल होकर बेहोश हो गया। जब परिजनों द्वारा को इसकी सूचना लगी तो उन्होंने विजय सिंह को नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने विजय सिंह को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया।

मां दुर्गा का 44वां विशाल मेला व कुश्ती दंगल 22 को बेगपुर में

नारनौल। उपमंडल के गांव बेगपुर (अटेली) में 22 अक्टूबर रविवार को मां दुर्गा का 44वां विशाल मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें लाखों भक्त मां दुर्गा के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करेंगे। ग्रामीणों ने मेले की सभी तैयारी कर ली गई। इस बारे में जगदम्बा मेला कमेटी बेगपुर के सदस्यों ने बताया कि दिन में कुश्ती, कबड्डी, दौड़ लम्बी कूद आदि अनेक प्रतियोगिता होगी। जबकि रात्रि को विशाल रागिनी कम्पीटीशन करवाया जाएगा। रागिनी कम्पीटीशन के मुख्यातिथि प्रसिद्ध समाज सेवी एवं वरिष्ठ नेता राव ओमप्रकाश इंजीनियर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करेंगे। जगदम्बा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि कुश्ती एक सौ रुपये से लेकर इक्कीस हजार रुपए तक की होगी। कबड्डी में प्रथम आने वाली टीम को 41 हजार रुपये तथा द्वितीय आने वाली टीम को 31 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। लम्बी कूद, दौड़, बुजुर्ग दौड़ के विजेताओं को आकर्षक इनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात्रि को विशाल रागिनी कम्पीटीशन में अरुण बोस एंड पार्टी राजबाला बहादुरगढ़, पायल चौधरी पलवल, प्रिया रेवाड़ी, सोनू यादव व हास्य कलाकार कृष्ण बामला अपना जौहर दिखाऐंगे। मोनू म्यूजिकल ग्रुप विशेष प्रस्तुति रहेगी। मां दुर्गा के परिसर में दादा कन्हीराम पूर्व सरपंच बेगपुर द्वारा शुद्ध देशी घी के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे।

परिवार पहचान पत्र में सुधार के लिए कैंप 21 को

नारनौल। परिवार पहचान पत्र में सुधार के लिए आगामी 21 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक नियर बहादुर सिंह तालाब के पास सीताराम मैरिज प्लेस में कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी वैशाली सिंह ने बताया कि 21 अक्टूबर को लगने वाले इस कैंप में नागरिकों के परिवार पहचान पत्र में आ रही त्रुटियों को दूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंप में पिता का नाम, माता का नाम, दिव्यांग, जन्मतिथि, मैरिटल स्टेटस, आय, स्पाउस का नाम, शैक्षणिक योग्यता आदि सभी प्रकार की त्रुटियों को ठीक करवा सकते हैं। आधार नंबर के तहत मोबाइल नंबर बदलने बारे व सभी प्रकार की शिकायतें जैसे प्लाट, इनकम टैक्स इत्यादि। उन्होंने बताया कि जन्मतिथि सत्यापन को ठीक करवाने के लिए लाभार्थी अपने साथ जन्मतिथि सत्यापन कार्य, 2017 से पहले का जारी वोटर कार्ड, बोर्ड सर्टिफिकेट, स्कूल स्थानांतरण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि इस कैंप में नागरिक अपने कागजात लेकर जल्द पहुंचे।

सैकड़ों लोग बीपीएल परिवारों की सूची में शामिल होने से वंचित

दौंगड़ा अहीर। हरियाणा सरकार द्वारा लगाए जा रहे जनता दरबार लोक दिखावा साबित हो रहे हैं। बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों की लापरवाही एवं उदासीन रवैये के चलते आज भी सैकड़ों लोग बीपीएल परिवारों की सूची में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। हरियाणा सरकार द्वारा जनता दरबार लगाए जा रहे हैं तो उन में सबसे ज्यादा प्रॉब्लम बिजली की समस्या मिलती है। लेकिन आश्वासन के अलावा वहां और कुछ नहीं मिलता जनता बहुत परेशान है। जिस कारण उनमें सरकार तथा प्रशासन के प्रति रोष पनप रहा है। अनेक लोगों ने बताया कि गत वर्ष नवंबर माह में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे जीने वाले लोगों के लिए बीपीएल परिवारों की सूची जारी की थी, लेकिन उस समय परिवार पहचान पत्र मे इनकम को लेकर कमी को पूरा कर लिया गया है।

एक्शन में मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम

मुजेसर में अवैध निर्माण व खेड़ी रोड पर अवैध प्लाटिंग के खिलाफ की कार्रवाई

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। मुख्यमंत्री उडनदस्ते ने आज सूचना के आधार पर मुजेसर सैक्टर-22 के शमशान घाट के पास आटो पिन झुग्गियों के सामने इंडस्ट्रीयल एरिया में करीब 800 वर्गगज जमीन पर टिन शैड डालकर अवैध निर्माण किया जा रहा है। उपरोक्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उडन दस्ते के जगदीश निरीक्षक, शिव कुमार एसडीओ विनोद सिंह, जेई व करण सिंह नगर निगम बल्लबगढ जोन के साथ मुजेसर सैक्टर-22 के शमशान घाट के पास आटो पिन झुग्गियों के सामने इंडस्ट्रीयल ऐरिया में अल्फा कम्पोनेंटस प्राईवेट लिमिटिड के नाम से करीब 800 वर्गगज में किये जा रहे निर्माण का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौका पर अशोक निवासी गांव मुजेसर हाजिर मिला। संयुक्त टीम द्वारा अशोक उपरोक्त से कम्पनी निर्माण से सम्बंधित सीएलयू, नक्शा आदि पेश करने बारे कहा, लेकिन वह मौका पर कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इस अवैध निर्माण के संबंध में निगम के एसडीओ विनोद सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि यह अवैध निर्माण करीब 15 दिन पहले से ही उनके संज्ञान में है तथा इस संबंध में अवैध निर्माण को मौका पर रूकवाते हुये दिनांक 25 सितम्बर को मैं अल्फा कम्पोनेंटस को कारण बताओं नोटिस व दिनांक 3 अक्टूबर को अवैध निर्माण गिराये जाने बारे नोटिस जारी किया गया था। लेकिन निर्माणकर्ता द्वारा मौका देखकर शनिवार व रविवार को निर्माण कार्य करते हुये अधूरे कार्य को पूरा करने का प्रयास किया गया है। जिस संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करते हुये विनोद कुमार द्वारा सीलिंग की कार्यवाही करते हुए इस फैक्टरी, अवैध निर्माण के मैन गेट को सील कर दिया गया है। उसके उपरांत दिनांक 17 अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुई कि नगर निगम विभाग द्वारा लगाई गई सील को तोड़ दिया गया है। इस मामले में नगर निगम बल्लबगढ़ जोन के अधिकारियों को अवगत कराते हुए उचित कानूनी कार्यवाही अनुरोध किया गया। जिस सम्बंध में विनोद ने निर्माणकर्ता के विरुद्ध बिना अनुमति के सील तोडने पर थाना मुजेसर में अभियोग अंकित कराया गया है व तोडफ़ोड़ कार्यवाही करने के लिए उपयुक्त से अनुरोध किया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री उडनदस्ता फरीदाबाद को सूचना प्राप्त हुई कि खेड़ीपुल चौक से भुपानी रोड पर अमोलिक टावर के पीछे न्यू भारत कॉलोनी में करीब चार एकड़ कृषि भूमि पर सुमेश चंदीला निवासी गांव बुढेना जिला फरीदाबाद द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही है। यदि संबंधित विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर मौका निरीक्षण किया जाए तो अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आ सकता है। उपरोक्त सूचना के आधार पर राजेन्द्र कुमार उप निरीक्षक मुख्यमंत्री उडनदस्ता की टीम द्वारा निरंजन सिंह कनिष्ठ अभियंता कार्यालय डीटीपी फरीदाबाद के साथ उपरोक्त प्लाटिंग स्थल का निरीक्षण किया गया तथा मौका पर पड़ताल की गई। मौका पर पड़ताल पर ज्ञात हुआ कि गांव बसेलवा जिला फरीदाबाद की राजस्व संपदा में करीब 4 एकड़ कृषि भूमि जिसके मालिक वीरपाल, चरणी, प्रेम सिंह पुत्र श्री झंडू निवासी गांव खेड़ी कला जिला फरीदाबाद है जिस पर सोमेश द्वारा अवैध प्लाटिंग की जानी पाई गई। निरीक्षण के दौरान सुमेश चंदीला इस कृषि भूमि पर प्लाटिंग करने बारे कोई अनुमति पेश नहीं कर सका।

हर वर्ग के सम्मान पर चोट कर रही है भाजपा सरकार : यशपाल नागर

सात्विक देव, भरोसा मित्र

कांग्रेस नेता ने भाजपा-जजपा को बताया पूरी तरफ फ्लाप

फरीदाबाद। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यशपाल नागर ने कहा है कि भाजपा सरकार हर वर्ग के सम्मान पर चोट कर झूठ व जुम्लों से लोगों को गुमराह कर रही है। प्रजातंत्र में सरकारें लोगों का गुमराह व अपमान करके नहीं बल्कि मान-सम्मान से चलती हैं जबकि हरियाणा की सरकार प्रदेश के हर वर्ग को अपमानित करके राज करना चाहती है। प्रदेश का किसान, जवान, कर्मचारी, कच्चा कर्मचारी, सफाई कर्मी, मिड-डे मील, आशा वर्कर, मनरेगा मजदूर से लेकर पंच-सरपंचों तक हर वर्ग अपने अधिकारों के लिए सडकों पर आकर धरने-प्रदर्शन कर रहा है इसलिए बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार सत्ता में बने रहने का नैतिक व लोकतांत्रिक अधिकार खो चुकी है। उन्होंने कहा कि अपमान का घूंट पीकर बैठी जनता बडी बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रही है और अगले चुनाव में जनता झूठ, जुमले व अपमान का हिसाब ब्याज समेत चुकता कर हरियाणा की लोकसभा व विधानसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से विजयी कराएगी। श्री नागर क्षेत्र में चलाए गए अपन जन-सम्पर्क अभियान के तहत पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। यशपाल नागर ने कहा कि भाजपा ने जनता से किया कोई चुनावी वायदा पूरा नहीं किया। भाजपा सरकार ने युवाओं को हर वर्ष 2 करोड रोजगार देने का वादा किया था। साढ़े 9 वर्ष हो गये, इस हिसाब से 19 करोड रोजगार मिलने चाहिए थे। आज हरियाणा में 2 लाख सरकारी पद खाली पडे हैं इन पर पक्की भर्तियां होने की बजाय भर्ती घोटाले हो रहे हैं, पक्के पदों को खत्म किया जा रहा है। साढ़े 9 साल से शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई। स्कूल के बच्चों को भी धरनों पर बैठना पडा। 5100 रुपये हर महीने पेंशन मिलना तो दूर लाखों बडे-बुजुर्गों की पेंशन काट दी गई। लाखों गरीबों के राशन कार्ड काट दिए गए। अब तो भाजपा ने हर वर्ष 2 करोड रोजगार, 2022 तक किसान की दोगुनी आमदनी और हर व्यक्ति के खाते में 15- 15 लाख रुपये देने वाले तमाम वायदों का की तक बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज चारों और भ्रष्टाचार का आलम है तथा अपराध निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। बढ़ती मंहगाई ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है वहीं युवा बेरोजगारी के दल-दल में फंसता जा रहा है। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि इस बार अगर वह सांसद बने तो समूचे फरीदाबाद लोकसभा में विकास के साथ-साथ रोजगार उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथकिता होगी। उन्होंने कहा कि सांसद राहुल गांधी की सोच आज देश-प्रदेश के लोगों को भा रही है इसका परिणाम आने वाले कई राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में देखने को मिलेगा जहां जनता कांग्रेस की सरकार बनाएगी।

नांगल चौधरी के विधायक बोले, 10 दिसंबर को करेंगे विश्वास रैली

नौ साल में करवाए अनेक कार्य : अभय सिंह

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल।नांगल चौधरी के भाजपा विधायक डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि 9 साल के दौरान उन्होंने नांगल चौधरी क्षेत्र के अलावा पूरे जिले में अनेक विकास कार्य करवाए हैं। लेकिन फिर भी जनता को इन विकास कार्यों पर विश्वास दिलाने के लिए वे आगामी 10 दिसंबर को जिले के सेंटर प्वाइंट दौंगड़ा अहीर में जिला स्तरीय रैली करेंगे। इस रैली में भाजपा के प्रदेश प्रभारी विप्लव देव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे आज यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विधायक अभय सिंह यादव ने कहा कि वे सोचते हैं कि किसी सरकार या जनप्रतिनिधि द्वारा कराए गए विकास कार्यों को जानता जल्द ही भूल जाती है तथा चुनाव के समय में ही याद रखती है। ऐसे में राजनीति में जनता को विश्वास में लेना बहुत ही आवश्यक है। इसी के चलते उन्होंने जिला स्तर पर एक जन विश्वास रैली करने का फैसला लिया है। यह रैली जिला महेंद्रगढ़ की चारों विधानसभा के सेंटर प्वाइंट दौंगड़ा अहीर पर 10 दिसंबर को होगी। इस रैली के लिए उन्होंने नांगल चौधरी क्षेत्र से जनसंपर्क अभियान शुरू करने का फैसला लिया है। वे आगामी 25 अक्टूबर से हुए इस अभियान की शुरुआत भी कर देंगे। उन्होंने बताया कि उनके प्रयास से न केवल नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र, बल्कि पूरे जिला महेंद्रगढ़ में अनेक विकास कार्य हुए हैं। उनके विकास कार्यों को देख जनता उनको बहुत चाहती है। उन्होंने कहा कि जिला में बन रहे मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य जल्द ही पूरा हो जाएगा और उम्मीद है कि अगले सत्र से इस मेडिकल कॉलेज में कक्षाएं भी आरंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज के अलावा निजामपुर क्षेत्र में बनने वाले लॉजिस्टिक हब का कार्य भी जल्दी शुरू होने की उम्मीद है। इन दोनों परियोजनाओं के बाद जिले में विकास का पहिया तेजी से घूमेगा। इस मौके पर भाजपा के जिला प्रधान दयाराम यादव सहित नारनौल, नांगल चौधरी, अटेली, कनीना और सिहमा पंचायत समिति के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

रालोद के पूर्व सचिव योगेन्द्र तेवतिया ने सांसद जयंत चौधरी से की मुलाकात

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय सचिव योगेन्द्र तेवतिया ने अपने साथियों के साथ आज सांसद जयंत चौधरी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस मौके पर योगेन्द्र तेवतिया ने सांसद जयंत चौधरी का बुक्के देकर स्वागत किया। इस मौके पर सांसद जयंत चौधरी ने आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी पूर्व राष्ट्रीय सचिव योगेन्द्र तेवतिया से हरियाणा रालोद इकाई के पुनर्गठन और पार्टी गतिविधियों को शुरू करने के बारे में चर्चा की। श्री तेवतिया ने कहा कि पार्टी के कई पुराने अनुयायी और युवा सदस्य हमारी पार्टी की नीति में शामिल होना चाहते हैं और इसे मजबूत करना चाहते हैं तथा आगामी दिनों में फरीदाबाद में एक जिला स्तरीय की मीटिंग कर पार्टी गतिविधियों पर पुराने व नये कार्यकर्ताओं से चर्चा की जाएगी। इस मौके पर एडवोकेट विवेक बंसल, सुमित मित्तल, संजीव तेवतिया, सतेंद्र नागर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अवैध देसी कट्टे और कारतूस सहित सीआईए के हत्थे चढ़ा बदमाश

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने थाना नांगल चौधरी के क्षेत्र से एक आरोपी अजय उर्फ लीलू उर्फ टाइगर वासी दोस्तपुर नांगल चौधरी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल द्वारा जिला पुलिस को अपराधियों को पकड़ कर उनपर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं, जिनकी पालना के अंतर्गत सीआईए नारनौल की टीम ने थाना नांगल चौधरी के क्षेत्र में दोस्तपुर बस अड्डा के पास से गुप्त सूचना के आधार पर रैड कर एक युवक को काबू किया और उससे देसी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए नारनौल की टीम गश्त के दौरान बस अड्डा भेडंटी के पास मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि अजय उर्फ लीलू उर्फ टाइगर वासी दोस्तपुर नांगल चौधरी के पास अवैध हथियार है और दोस्तपुर बस अड्डा के पास खड़ा है। अगर तुरंत रेड की जाए तो आरोपी को अवैध हथियार के साथ पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर सीआईए नारनौल की टीम ने बतलाए हुए स्थान पर रैड की, वहां पर खड़ा एक युवक पुलिस पार्टी को देखकर वहां से खिसकने लगा, जिसको काबूकर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अजय उर्फ लीलू उर्फ टाइगर उपरोक्त बतलाया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना नांगल चौधरी में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया।

जिले में नहीं थम रहा चोरों का आतंक

किराने की दुकान को बनाया निशाना

अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नेशनल हाईवे पर एक दुकान में हुई चोरी के बाद दुकान में बिखड़ा पड़ा सामान।

नारनौल। हरियाणा के नारनौल में थाना सदर के अंतर्गत आने वाले गांव बडोदा में नेशनल हाईवे 148बी पर बनी एक किराने की दुकान से चोर हजारों रुपए का सामान चुरा ले गए। इस बारे में दुकान की संचालिका ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं शिकायतकर्ता का कहना है कि नेशनल हाईवे पर लगे हुए कैमरे सही प्रकार से काम नहीं कर रहे तथा उनकी दिशा सडे की ओर न होकर खेतों की ओर है। जिसके कारण आए दिन कोई न कोई चोरी की वारदात होती रहती है। नेशनल हाईवे नंबर 148 बी पर गांव बडे ोदा के पास सुशीला यादव नामक महिला ने एक किराना स्टोर की दुकान की हुई है। इस दुकान में वह चाय पानी का कार्य भी करती है। सुबह 5 बजे वह जब अपनी दुकान खोलने लगी तो उसका ताला लगा हुआ था। उसने दुकान खोली तो देखा कि पीछे की साइड से दुकान की टीन हटी हुई थी, जब उसने अपनी दुकान खोलकर पूरी तरह चेक की तो देखा की दुकान में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। वहीं चोर उसकी दुकान में से एक इनवर्टर, दो बैटरी, एक एलपीजी गैस सिलेंडर, एक सोलर कंट्रोलर के अलावा बीड़ी सिगरेट व अन्य खाने पीने का सामान चुरा ले गए। इस बारे में पीड़िता ने बताया कि नेशनल हाईवे पर कई दिनों से रात के समय लाइट नहीं जल रही है तथा नेशनल हाईवे पर लगे हुए कैमरे भी सही प्रकार से काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे पर लगे हुए कैमरो की दिशा खेतों की ओर है, जबकि उनकी दिशा सडे की ओर होनी चाहिए।

कादीपुर के आश्रम में की चोरी

नारनौल। शहर के समीपवर्ती गांव कादीपुरी चौक के पास एक आश्रम को चोरों ने अपना निशाना बनाया। यहां से चोरों ने करीब 80 हजार रुपए की चोरी कर ली। इसके अलावा चोर आश्रम से अन्य सामान भी चुरा ले गए। आश्रम के महंत ने इस बारे में पुलिस में सूचना दी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज भी कर लिया है। कादीपुरी चौक के पास शनि मंदिर के सामने वैदिक तपस्थली आश्रम बना हुआ है। इस आश्रम के महंत स्वामी हंसानंद हंस सरस्वती कुछ दिनों के लिए आश्रम को बंद करके कहीं चले गए थे। जब वे गत दिवस आश्रम में आए तो उसने देखा कि चोरों ने आश्रम के दो ताले तोड़े हुए थे। वहीं अंदर के किवाड़ों को भी तोड़ रखा था। जब उसने आश्रम में चेक किया तो उसने पाया कि आश्रम के एक कमरे में रखें करीब 80 हजार रुपए नहीं मिले। इसके अलावा चोरआश्रम में से चार चांदी के सिक्के भी चुरा ले गए। चांदी के सिक्कों के अलावा चोरों ने अन्य छोटा-मोटा सामान भी चुरा लिया। इस बारे में महंत ने बताया कि उसने देखा कि चोरों द्वारा आश्रम में रखे गए बेड, संदूक अलमारी, बैग, पुस्तक सभी चीजों को बिखरा हुआ था। इसके बाद महंत ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शुरू कर दी।

रामलीला मंचन राम वनवास, दशरथ अंत व भरत मिलाप के दृश्यों ने किया भाव विभोर

प्रभु राम की चरण पादुका ले वन से वापस अयोध्या लौटे भरत

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाडा द्वारा आयोजित 73वीं रामलीला मंचन के छठे दिन मंगलवार रात्रि राम वनवास, दशरथ देह त्याग व भरत मिलाप की लीला का मनमोहक मंचन मंझे हुए कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला के ट्रस्टी अशोक पांडेय ने बताया कि रविवार को डा. मनोज वर्मा के कुशल निर्देशन में दीपक हरित ने राम, राजेश सोनी ने सीता, अनिल चौहान ने लक्ष्मण, मनोज वर्मा ने राजा दशरथ, बलवंत सैनी ने आर्य सुमन्त, सत्यनारायण वर्मा ने महर्षि वशिष्ठ, जोगेन्द्र छनपडिया ने भरत, भवानी वर्मा ने शत्रुघ्न, दिनेश सैनी ने माता कौशल्या, विकास चौहान ने कैकेयी व अंशुल हरित ने निशाद राज के किरदारों में अपने जानदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सहनिर्देशक बलवंत सैनी ने बताया कि छठे दिन की लीला में कोपभवन के उपरांत प्रभु राम वनवास गमन के लिए इजाजत लेने अपनी माता कौशल्या के पास जाते हैं और मां कौशल्या के साथ उनके मार्मिक संवादों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उनके बाद रानी सीता भी महलों को छोडकर उनके साथ वन में चलने की जिद करती हैं, भगवान राम के लाख समझाने के बावजूद उन्हे सीता माता को साथ ले जाने के लिए विवश होना पडता है। फिर प्रभु राम के अनुज लक्ष्मण उनसे कहते हैं कि राम के बिना तो लक्ष्मण का जीवन ही व्यर्थ है। इसलिए या तो मैं आपके वनवास को चलूंगा अन्यथा अभी ये देह त्याग दूंगा। इस प्रकार प्रभु राम माता सीता व लक्ष्मण के साथ वन को प्रस्थान करते हैं। आर्य सुमन्त उन्हे जंगल में छोड़ने के लिए साथ ले जाते है। राम के वन गमन का समाचार सुनकर पिता दशरथ अधीर हो जाते हैं और श्रवण कुमार के माता पिता के श्राप अनुसार पुत्र वियोग में अंतत- अपने प्राण त्याग देते हैं। उधर जैसे ही भरत को ये सब समाचार प्राप्त होते हैं, वो अपनी माता कैकेयी को खूब खरी खोटी सुनाते हैं और अपने भाई राम को वन से वापिस लाने उनके पास वन में पहुंच जाते हैं। इस अवसर पर संरक्षक सत्यनारायण हरित, शिम्भु दयाल गर्ग, संजय गर्ग, नरेन्द्र जैन, विष्णु शर्मा, बलवान सैनी, दिनेश भार्गव, सुभाष कौशिक, रेखा मित्तल, डा. राधेश्याम, सोमदत्त, सोमदेव आदि का रामलीला मंचन में प्रमुख रूप से सहयोग रहा।

माता पिता के वचन की आन से बढ़कर कोई राज पाट नहीं होता

तब भगवान राम व भ्राता भरत के परस्पर मिलन के मार्मिक दृश्य को देख दर्शकों की आंखे नम हो गईं। लेकिन अंतत- भगवान राम अपने भाई को समझाते हैं कि जीवन में माता पिता के वचन की आन से बढ़कर कोई राज पाट नहीं होता। इसलिए तुम अयोध्या लौटकर अयोध्या वासियों एवं परिवार का ख्याल रखो। तब भरत भी प्रभु राम की चरण पादुका अपने साथ लेकर जाते हैं कि मैं अयोध्या में सिर्फ आपका प्रतिनिधि बनकर रहूंगा और प्रजा की रक्षा करूंगा। मंगलवार की लीला को यहीं विराम दिया गया।

किसानों को अब मिलेगी हर रोज 10 घंटे बिजली : यादव

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

बिजली 2 घंटा और बढ़ाए जाने के लिए मंत्री ने मुख्यमंत्री का किया आभार प्रकट

नारनौल। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा विधायक दल की बैठक में दक्षिणी हरियाणा के विधायकों द्वारा रबी सीजन में बिजली आपूर्ति 2 घंटा और बढ़ाई जाने पर क्षेत्र की जनता की तरफ से मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।
मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि पहले किसानों को सिंचाई के लिए 8 घंटा बिजली मिलती थी अब मुख्यमंत्री ने 2 घंटा और बढ़ाकर 10 घंटे कर दिया है।
उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के हित के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई हैं। किसानों को सबसे अधिक उसकी फसल का मूल्य भाजपा शासन काल में मिला है। किसानों को समय पर बिजली पानी व खाद उपलब्ध करवाया जा रहा है ताकि फसल में किसी प्रकार का नुकसान ना हो। यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अंतिम टेल तक नहरी पानी पहुंचाने का काम किया है। नदियों में नहरी पानी छोड़ा जा रहा है। इससे जलस्तर में जिला महेंद्रगढ़ के साथ लगती राजस्थान की सीमा के लोगों को भी काफी फायदा हुआ है।

19 page 8_01.qxd 10/18/2023 9:54 PM Page 1